• जयपुर, शनिवार 21 फरवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 172 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जयपुर मेट्रो द्वारा "मेट्रो ट्रेन चौपाल" का सफल आयोजन...

पेज @4 इबादत, अमन और रहमत की दुआओं से गूंज उठीं मस्जिदें...

पेज @8 सूर्य किरण और सारंग ने हैरतअंगेज करतबों से जयपुरवासियों को...

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज-उन्नति की दूसरी बैठक

# मुख्यमंत्री ने की 84 हजार 282 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर प्रगति की समीक्षा

## अधिकारी जनता की समस्याओं के समाधान को दें सर्वोच्च प्राथमिकता

### लापरवाह कार्मिकों पर होगी कड़ी कार्रवाई

### परियोजनाओं के शीघ्र संचालन के लिए आवशयक स्वीकृतियां शीघ्र हों जारी- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार जन सेवा को सर्वोपरि मानकर कार्य कर रही है। अधिकारी जनता की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्मिक निष्ठा से अपने राजकीय दायित्वों का निर्वहन करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज-उन्नति की बैठक को वीसी के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की 84 हजार 282 करोड़ रुपये की परियोजनाओं और योजनाओं पर चर्चा की तथा अधिकारियों को इनके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कि ए। उन्होंने कहा कि अधिकारी तय समय में विकास कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, जिससे परियोजनाओं की लागत में वृद्धि ना हो तथा जनता को राहत मिले।





### आरएफआईडी एवं जीपीएस आधारित निगरानी प्रणाली की हो नियमित मॉनिटरिंग

श्री शर्मा ने उद्योग विभाग को भीलवाड़ा में बन रहे टेक्सटाइल पार्क में समस्त कार्य शीघ्र पूर्ण करते हुए भूखण्ड आवंटन प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र में आरएफआईडी एवं जीपीएस आधारित निगरानी प्रणाली को चरणबद्ध रूप से लागू करने के लिए मुख्य सचिव पाक्षिक रूप से बैठक करें। साथ ही, वेब्रिज ऑटोमेशन एवं वाहन टेर्जकंग सिस्टम से संबंधित मॉडयूल को शीघ्र पूर्ण किया जाए। वहीं, खान विभाग एवं परिवहन विभाग आपसी समन्वय से पोर्टल का शीघ्र इंटीग्रेशन करें, जिससे खनिज परिवहन की वास्तविक समय निगरानी एवं ओवरलोडिंग नियंत्रण किया जा सके।

**● अधिकारी नियमित करें जनसुनवाई**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी सम्पर्क हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करें। साथ ही, जिला एवं विभाग स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कलक्टर्स को निर्देश दिए कि सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त समस्याओं के समाधान में देरी ना हो। साथ ही, नियमित जन सुनवाई करें, जिससे स्थानीय स्तर पर ही आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण सुनिश्चित हो सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन के चयनित परिवादियों से उनके परिवाद निस्तारण पर फीडबैक लिया। जैसलमेर के धन्नाराम सहित अन्य परिवादियों ने मुख्यमंत्री का समस्याओं के समाधान के लिए आभार जताया।

**● पावरग्रिड के प्रोजेक्ट्स को समय से करें पूर्ण**

शर्मा ने पावर ग्रिड के प्रोजेक्ट्स को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने 765 केवी डी/सी ब्यावर-दौसा ट्रांसमिशन लाइन से संबंधित कार्य में गति लाने और 765 केवी डी/सी सीकर-खेतड़ी ट्रांसमिशन लाइन को भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

## न्यूज़ अपडेट

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस :

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में होगी सुनवाई, एएसआई को दाखिल करना होगा जवाब

**प्रयागराज/एजेंसी।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार दोपहर 2 बजे से इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) शुक्रवार को अपना जवाब दाखिल करेगी। इसके बाद रिपोर्ट पर दोनों पक्ष बहस में शामिल हो सकते हैं। हाई कोर्ट में हिंदू पक्ष की 18 याचिकाओं पर वर्तमान में सुनवाई चल रही है। इन याचिकाओं में शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने और भूमि पर कब्जे की मांग की गई है। मस्जिद पक्ष ने 22 अगस्त को सीपीसी की धारा 151 के तहत एक आवेदन दायर किया था, जिसमें समेकित मुकदमों की आगे की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई है। बता दें कि इससे पहले 30 जनवरी को श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मस्जिद प्रकरण में तीन घंटे तक सुनवाई चली थी, जिसमें जस्टिस अविनाश सक्सेना की अदालत में सुनवाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय मांगा। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को दी थी।

### केंद्र की सौगात :

### चंडीगढ़-मोहाली-पंचकूला के लिए 6-लेन स्पर प्रोजेक्ट मंजूर

**चंडीगढ़/एजेंसी।** केंद्र सरकार ने पंजाब के लिए एक बड़ी सौगात दी है। केंद्रीय सड×क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एनएच-205ए के अंबाला-चंडीगढ़ सेक्शन को जीरकपुर बाईपास से जोडने वाले 6-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड स्पर के निर्माण के लिए 1,463.95 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इस योजना पर खुशी जाहिर की और केंद्र सरकार का आभार जताया। यह प्रोजेक्ट ट्राइसिटी रिंग रोड (चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला) का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो क्षेत्र की यातायात समस्याओं को काफी हद तक हल करने वाला साबित होगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके इस प्रोजेक्ट की जानकारी दी। उन्होंने अपनी पोस्ट में बताया कि यह कॉरिडोर मोहाली, चंडीगढ़ और पंचकूला के मुख्य शहरी चौराहों पर ट्रैफिक को डायवर्ट करके भीड़ कम करेगा। उन्होंने बताया कि इससे एनएच-44, एनएच-205ए और एनएच-152 पर भारी वाहनों का दबाव घटेगा। खास तौर पर हिमाचल प्रदेश, विशेषकर शिमला क्षेत्र की ओर जाने वाले यात्रियों को तेज और आसान कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे यात्रा का समय कम होगा और क्षेत्रीय आर्थिक जुड़ाव मजबूत होगा। यह प्रोजेक्ट सड़क सुरक्षा बढ़ाने, प्रदूषण कम करने और आर्थिक विकास को गति देने में मददगार साबित होगा। पंजाब से सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए नितिन गडकरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया।

# दिल्ली के एआई समिट में यूथ कांग्रेस का जोरदार हंगामा, भारत मंडपम में टी-शर्ट खोलकर की नारेबाजी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित हो रहे हाई-प्रोफाइल 'एआई इम्पैक्ट समिट' में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद जमकर हंगामा देखने को मिला। यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता सुरक्षा घेरा तोड×कर मुख्य हॉल के पास पहुंच गए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आक्रामक नारेबाजी करते हुए स्ककरू द्व' ष्टशद्वश्चह्लशद्वद्व'द्गस्त्र के नारे लगाने लगे। जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त समिट में देश-विदेश के कई दिग्गज नेता और प्रतिनिधि मौजूद थे। अचानक हुए इस बवाल के बाद सुरक्षाकर्मी तुरंत हरकत में आए और प्रदर्शनकारियों को परिसर से बाहर निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया। दिल्ली पुलिस के अनुसार, करीब 10 लोगों का समूह क्यूआर कोड (त्तक्र ष्टशस्त्रद्ग) के जरिए स्कैनिंग कर अंदर घुसा था, जिनमें से 4 से 5 लोगों को हिरासत में लेकर तिलक मार्ग थाने ले जाया गया है। पुलिस अब इस बात की भी गहनता से जांच कर रही है कि इतने कड़े पहरे के बावजूद यह लोग बैनर-पोस्टर लेकर अंदर तक कैसे पहुंच गए।




### बीजेपी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

इस ड्रामे के बाद भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया है। बीजेपी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना को 'राष्ट्रीय शर्म' करार दिया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि एक तरफ भारत इस प्रतिष्ठित वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर तकनीकी क्षेत्र में अपना नेतृत्व और लोहा मनवा रहा है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने गरिमा के बजाय व्यवधान को चुना। मालवीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न होकर आयोजन स्थल पर जो हंगामा किया, वह स्पष्ट रूप से विश्व मंच पर भारत की छवि को खराब करने और देश को शर्मिंदा करने की एक सोची-समझी साजिश थी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि लोकतांत्रिक देश में राजनीतिक विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन वैश्विक स्तर पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाना किसी का अधिकार नहीं है।

### 20 से अधिक देशों के दिग्गज ले रहे हैं इस ग्लोबल समिट में हिस्सा

गौरतलब है कि भारत मंडपम में चल रहा यह आयोजन ग्लोबल साउथ में भारत द्वारा आयोजित पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन है, जिसने अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। इस मेगा इवेंट में 20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री और 500 से ज्यादा वैश्विक एआई विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा, देश-विदेश के नीति-निर्माता, प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रतिनिधि, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत के तमाम दिग्गज भी एक साझा मंच पर मौजूद हैं। इस समिट का मुख्य उद्देश्य इंडिया एआई मिशन और डिजिटल इंडिया पहल के तहत वैश्विक एआई संवाद को ठोस विकास परिणामों में बदलना है। ऐसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंच पर हुए इस विरोध प्रदर्शन ने अब एक बड़े राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया है।

### एआई और सेमीकंडक्टर सेक्टर में मिलेगी नई उड़ान

# भारत ने 'पैक्स सिलिका' गठबंधन में शामिल होने का किया ऐलान

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारत ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अमेरिकी नेतृत्व वाले रणनीतिक गठबंधन 'पैक्स सिलिका' में शामिल होने का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। इस महत्वपूर्ण घोषणापत्र पर हस्ताक्षर होने के बाद अब भारत को क्रिटिकल मिनरल्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए अपनी सप्लाई चेन को मजबूत करने में भारी मदद मिलेगी। इस वैश्विक साझेदारी का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मेटल्स) के आयात के लिए भारत की चीन पर भारी निर्भरता काफी हद तक कम हो जाएगी। साथ ही, तकनीक के इस अहम क्षेत्र में ड्रैगन के एकाधिकार और प्रभुत्व को भी कड़ी चुनौती मिलेगी।




### इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हुआ ऐतिहासिक समझौता


राजधानी नई दिल्ली में चल रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान इस अहम घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना और भविष्य के नेक्स्ट जेनरेशन बिजनेस के लिए जरूरी संसाधनों तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करना है। यह कदम प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है। ज्ञात हो कि पैक्स सिलिका की शुरुआत पिछले साल दिसंबर में वाशिंगटन में आयोजित एक समिट में हुई थी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, इजराइल, जापान, कतर, साउथ कोरिया, सिंगापुर, यूएई और यूके जैसे कई प्रमुख देश शामिल हुए थे। अमेरिकी आर्थिक मामलों के उप सचिव जैकब हेलबर्ग के नेतृत्व में काम कर रहा यह गठबंधन 20वीं सदी की तेल-इस्पात निर्भरता से निकलकर 21वीं सदी में सिलिकॉन और महत्वपूर्ण खनिजों द्वारा संचालित अर्थव्यवस्था की ओर एक बड़े बदलाव का प्रतीक है।

**● इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को मिलेगा जबरदस्त बूम**

पैक्स सिलिका का अहम साझेदार बनने से भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को भी सीधा और तगड़ा फायदा पहुंचने वाला है। देश में पहले से ही 10 सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं और कई अन्य पर तेजी से काम चल रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही देश का पहला सेमीकंडक्टर संयंत्र कमर्शियल प्रोडक्शन भी शुरू कर देगा। इस मौके पर अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने इस पहल को 21वीं सदी की आर्थिक और तकनीकी व्यवस्था को आकार देने वाला एक बेहद जरूरी रणनीतिक गठबंधन करार दिया। उन्होंने भारत की बेहतरीन इंजीनियरिंग प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस मजबूत साझेदारी का मुख्य लक्ष्य वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद एआई तकनीक को बढ़ावा देना और भारत-अमेरिका टेक पार्टनरशिप को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

### यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

### जम्मू से श्रीनगर के बीच जल्द दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन, जानें क्या है रेलवे का प्लान




**श्रीनगर/एजेंसी।** जम्मू से श्रीनगर तक सीधे वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। फिलहाल यह ट्रेन श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन से श्रीनगर तक चल रही है, लेकिन जल्द ही इसे जम्मू तक बढ़ाया जा सकता है। रेलवे सूत्रों के अनुसार, जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर चल रहा निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। प्लेटफॉर्म का विस्तार, यात्री सुविधाओं में सुधार और सुरक्षा मानकों को पूरा करने के कारण सेवा शुरू होने में देरी हुई थी। अब काम अंतिम चरण में है और ट्रेन सेवा बहुत जल्द शुरू होने की संभावना है। वंदे भारत देश की आधुनिक अर्ध-उच्च गति वाली ट्रेनों में शामिल है। इसमें आरामदायक सीटें, वातानुकूलित डिब्बे, इंटरनेट सुविधा, बेहतर खानपान व्यवस्था और उन्नत सुरक्षा प्रबंध उपलब्ध हैं। कटरा से श्रीनगर का सफर अब करीब तीन घंटे से थोड़ा अधिक समय में पूरा हो जाता है, जबकि सड×क मार्ग से यही दूरी तय करने में छह से सात घंटे या उससे अधिक समय लगता है।

संपादकीय

# भारत पर दोहरी मार

डील के मुताबिक अमेरिका से आयातित कपास से जो वस्त्र बांग्लादेश में बनेगा, उस पर अमेरिका में शून्य आयात शुल्क लगेगा। इस तरह बांग्लादेश के उत्पादक अब भारतीय कपास के बजाय अमेरिकी कपास खरीदने के लिए प्रेरित होंगे।

भारत में सरकार समर्थक लोग अभी ये जश्न मना ही रहे हैं कि ट्रेड डील के बाद भारत के वस्त्र जैसे श्रम-केंद्रित उद्योगों के उत्पादों को अमेरिकी बाजार में अनुकूल स्थितियां मिलेंगी, डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने बांग्लादेश को भारत के बड़े प्रतिस्पर्धी के रूप में खड़ा कर दिया है। अमेरिका से हुए ट्रेड डील के बाद बांग्लेदश के उत्पादों पर अब अमेरिका में 37 के बजाय 19 फीसदी टैरिफ ही लगेगा। वैसे टैरिफ के मामले में भारतीय उत्पादों को फिर भी एक फीसदी का लाभ है, लेकिन भारत को असल नुकसान डील के एक दूसरे प्रावधान से होगा। उसके मुताबिक अमेरिका से आयातित कपास से जो वस्त्र बांग्लादेश में बनेगा, उस पर शून्य आयात शुल्क लगेगा।

इस तरह बांग्लादेश के उत्पादक अब भारतीय कपास के बजाय अमेरिकी कपास खरीदने के लिए प्रेरित होंगे। इससे भारतीय कपास उत्पादकों का एक अहम बाजार छिन जाएगा। कुल मिलाकर डील में ऐसे प्रावधान हैं, जिससे बांग्लादेशी उत्पादक 70 फीसदी तक अमेरिकी इनपुट का इस्तेमाल कर सकेंगे। यानी डील से दोनों पक्षों को लाभ होगा। बांग्लादेश से अमेरिका को होने वाले निर्यात में 95 फीसदी हिस्सा कपड़े का रहा है। अत: ये डील बांग्लादेश के लिए संजीवनी बन कर आया है। भारत से टैरिफ में जो एक फीसदी अंतर है, उसे अमेरिकी आयातक और बांग्लादेशी उत्पादक आसानी से आपस में एडजस्ट कर सकेंगे।

इस तरह अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्त्र उत्पादकों के लिए बांग्लादेश मजबूत प्रतिस्पर्धी बन जाएगा। बांग्लादेश ने अमेरिका से गेहूं, सोयाबीन, मक्का, मोटर पाट-पुर्जे, मेडिकल उपकरण और विमान खरीदने का वादा भी किया है। लेकिन डील में भारत जैसी पांच साल में 500 बिलियन डॉलर की खरीदारी की कोई शर्त शामिल नहीं की गई है। तो बांग्लादेश कितनी खरीदारी करेगा, यह उसकी जरूरतों से तय होगा। यानी बांग्लादेश भारत की तुलना में अमेरिका से अपने लिए अधिक अनुकूल व्यापार समझौता करने में सफल रहा है। दूसरी तरफ इस डील का सर्वाधिक दुष्प्रभाव संभवत: भारत पर ही पड़ेगा, क्योंकि अब तक बांग्लादेश भारत के गेहूं, सोयाबीन, मक्का, मोटर पाट-पुर्जे, और मेडिकल उपकरण का भी बड़ा खरीदार रहा है। स्पष्टत: ये डील भारत पर दोहरी मार है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस पर विशेष

## छत्तीसगढ़ मे आदिवासी नेतृत्व गढ़ रहा है विकास के नए सोपान

● छगन लाल लोन्हारे

छत्तीसगढ़ की खूबसूरत वादियों में स्थित जशपुर जिला के ग्राम बगिया में 21 फरवरी को जन्म लेने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सज्जनता और सहृदयता की एक मिसाल है। दो वर्ष के अपने मुख्यमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ राज्य में विकास का एक नया आयाम गढने वाले तथा प्रदेश के नागरिकों के दिलों में राज करने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज अपनी लोकप्रियता के शिखर पर विद्यमान है। विष्णुदेव साय जनता के बीच के एक ऐसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं जिनकी सदाशयता और दूरगामी योजनाओं से प्रदेश में विकास और प्रगति का राह आसान हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आदिवासी पृष्ठभूमि से आते हैं।

केबिनेट बैठक में राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होली त्यौहार से पहले एकमुश्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं एक किसान पुत्र हैं वे किसानों की पीड़ा को भलीभांति जानते हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से की की गई है, जो देश में सर्वाधिक है। बीते दो वर्षों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पूर्व किसानों को 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होने से यह राशि बढ×कर 35 हजार करोड़ रूपए हो जाएगी। किसान हितैशी सरकार के इस निर्णय से बाजार भी गुलजार होंगे, जिससे शहरी अर्थव्यवस्था पर सीधा असर दिखाई देगा, ट्रैक्टर आदि की बिक्री में वृद्धि होगी।

प्रदेश की नवीन औद्योगिक नीति से राज्य में अब तक 7 लाख 83 हजार करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।

# यूजीसी का नियम सामाजिक विद्वेष बढ़ाने वाला

**अजीत द्विवेदी**




राजनीति में कुछ भी अनायास या अनियोजित नहीं होता है और अगर आपको लगे कि कुछ अनायास हो रहा है या अनप्लांड हो रहा है तो समझना चाहिए कि उसे उसी तरह से प्लान किया गया है। यानी उसकी योजना ऐसी बनी है कि वह अनप्लांड लगे। यह बात अमेरिका के एक राष्ट्रपति ने कही थी। पूरी दुनिया की राजनीति पर यह बात समान रूप से लागू होती है। तभी प्रयागराज में शंकराचार्य को लेकर जो कुछ हो रहा है और उसके बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी का जो नया नियम लाया गया हैं उसे अनायास हुए नहीं मानना चाहिए। सरकार ने किसी योजना के तहत यूजीसी के नए नियम लागू किए हैं। उसने सामान्य वर्ग को अलग थलग करने और उसे उत्पीड×क साबित करने का जो नियम बनाया है वह संयोग नहीं है, बल्कि किसी प्रयोग का हिस्सा है।

इस समय पूरे देश में यूजीसी की ओर से लाए गए समानता के नए नियम पर विवाद हो रहा है। यूजीपी ने प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीच्यूट रेगुलेशन 2026 के नाम से नए नियम जारी किए हैं। इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव खत्म करना बताया गया है। इस तरह का एक नियम 2012 में बना था, जो पहले से उपलब्ध था। उसमें कुछ बदलाव करके उसे नए रूप में प्रस्तुत किया गया है। 2012 के नियम में सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति यानी एससी और एसटी को उत्पीडऩ से बचाने का प्रावधान किया गया था। अब उसमें अन्य पिछड़ी जातियों यानी ओबीसी को भी जोड़ दिया गया है। साथ ही महिलाएं और दिव्यांगजनों को भी शामिल किया गया है। महिलाओं और दिव्यांगों में हर वर्ग के छात्र शामिल होंगे।

इसका मतलब है कि सामान्य वर्ग के एक छोटे से समूह को पहले से ही अत्याचारी या उत्पीड×क मान कर बाकी लोगों को उससे बचाने का प्रावधान किया गया है। 2012 के कानून में भेदभाव या उत्पीडऩ की फर्जी शिकायत करने पर कार्रवाई का प्रावधान था, जिसे नए नियमों में हटा दिया गया है। यानी एससी, एसटी, ओबीसी, महिला और दिव्यांग अगर चाहें तो किसी भी सामान्य वर्ग के छात्र के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज करा सकते हैं और शिकायत गलत पाए जाने पर उनके खिलाफ किसी तरह की दंडात्मक कार्रवाई नहीं हो सकती है। हर संस्थान में इक्विटी कमेटी और इक्विटी स्क्वॉयड बनाने का प्रावधान किया गया है, जिसमें बदलाव करके यह नियम बनाया गया है कि इसमें सामान्य वर्ग के किसी व्यक्ति को रखना अनिवार्य नहीं होगा। सोचें, क्या इससे भी ज्यादा भेदभाव या असमानता की कोई व्यवस्था हो सकती है? इसमें एक समूह को पहले से अपराधी मान कर उसे सजा के योग्य ठहरा दिया गया है। यह सामाजिक विद्वेष बढ़ाने वाला नियम है, जो कानून विरूद्ध है और संविधान विरूद्ध है। यह प्राकृतिक न्याय के मूल सिद्धांत के भी विरूद्ध है। भारत सरकार ने जब अंग्रेजों के जमाने की भारतीय दंड संहिता समाप्त की और उसकी जगह भारतीय न्याय संहिता लागू की तो कहा कि अंग्रेजों ने दंड का प्रावधान किया था लेकिन अब सरकार न्याय की व्यवस्था ले आई है।

क्या यही न्याय की व्यवस्था है कि आप एक समूह को पहले से अपराधी मान लेंगे? सवाल है कि आरोप लगाए जाने और दोष सिद्ध होने से पहले किसी को अपराधी कैसे माना जा सकता है? भारत में न्याय की व्यवस्था महर्षि याज्ञवल्क्य के समय बनी, जिसमें वाचस्पति ने नव्य न्याय की धारणा जोड़ी। इसके मुताबिक दोष सिद्धि से पहले किसी को अपराधी नहीं माना जा सकता है। संविधान का अनुच्छेद 14 और 15 कानून के समक्ष सबकी समानता और धर्म, जाति, नस्ल, लिंग, क्षेत्र आदि के आधार पर किसी किस्म के भेदभाव को निरस्त करता है। लेकिन यहां भारत सरकार ने जाति के आधार पर एक समूह को पहले ही अपराधी मान लिया है। किसी सभ्य समाज में ऐसी व्यवस्था की कल्पना भी कैसे की जा सकती है?

इसी तरह का एक बिल मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार भी ले आई थी। कम्युनल वायलेंस बिल की मूल अवधारणा हिंदू को दंगाई मानने की थी। ऐसा कानून बन रहा था, जिसके मुताबिक कही भी दंगा होगा तो हिंदू को दोषी माना जाएगा। ठीक उसी तरह का नियम सरकार ले आई है, जिसके मुताबिक किसी भी शिक्षण संस्थान में अगर भेदभाव होता है या उत्पीडऩ की घटना होती है तो सामान्य वर्ग के छात्र या शिक्षक को उसका दोषी माना जाएगा। एससी, एसटी, ओबीसी, महिला और दिव्यांग कभी भी आरोपी या दोषी नहीं बनाए जाएंगे।

अब जरा इसके व्यावहारिक पक्ष की कल्पना करें। किसी भी शिक्षण संस्थान में जाने वाले सामान्य वर्ग के छात्र के ऊपर कितना मानसिक दबाव होगा। वह हर समय इस आशंका में रहेगा कि उपरोक्त पांच समूहों का कोई छात्र उसके खिलाफ शिकायत कर सकता है और उसका करियर समाप्त कर सकता है। क्या सरकार कथित ऐतिहासिक गलतियों को दुरुस्त करने के लिए रिवर्स डिस्क्रिमिनेशन के जरिए सामान्य वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा से दूर करना चाहती है?

सरकार ने यह काम ऐसे समय में किया है, जब सामाजिक स्तर पर असमानता कम हो रही है, समाज ज्यादा समरस बन रहा है और सत्तारूढ़ दल खुद ही व्यापक हिंदू एकता के लिए काम कर रहा है। दूसरी ओर आर्थिक स्तर पर असमानता बढ़ रही है। सरकार का यह नियम विभिन्न जातियों और समाजों के बीच वैमनस्य और भेदभाव बनाने वाला प्रतीत होता है।

अगर इसके राजनीतिक पहलुओं को देखें तो क्या भारतीय जनता पार्टी और उसकी केंद्र सरकार को लग रहा है कि वह सामान्य वर्ग को अलग थलग करके या उसके प्रति द्वेष दिखा कर एससी, एसटी और ओबीसी के बड़े जातीय समूह को अपने साथ करे लेगी और इससे उसे चुनावी जीत का स्थायी फॉर्मूला मिल जाएगा? क्या वह कांग्रेस और प्रादेशिक पार्टियों की बहुजन राजनीति के जवाब के तौर पर यह नियम लेकर आई है?

ऐसा होना नहीं चाहिए क्योंकि भाजपा के नेता अर्थव्यस्था, कूटनीति, प्रौद्योगिकी आदि समझें न समझें राजनीति बखूबी समझते हैं। उनके पता होता है कि किस बात से चुनावी नुकसान होगा और किस बात से फायदा होगा। तभी हैरानी हो रही है कि राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाने वाला इतना बड़ा कदम इस सरकार ने कैसे उठाया।

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने देश के अल्पसंख्यकों को पहले ही अपने से अलग कर दिया है। उत्तर प्रदेश में खुल कर 80 और 20 की लड़ाई बताई जाती है। लेकिन यह विभाजन राष्ट्रीय स्तर पर भी है। भाजपा ने 20 फीसदी अल्पसंख्यकों को अपने से अलग मान लिया है। उसे 80 फीसदी हिंदुओं की राजनीति करनी है। अब क्या वह इस 80 फीसदी के समूह को और छोटा करने की जोखिम ले सकती है? क्या इसमें से 15 फीसदी सामान्य वर्ग बाहर हो जाए तो भाजपा 65 फीसदी के वोट की राजनीति करके चुनाव जीत सकती है? ध्यान रहे सामाजिक स्तर पर एससी और एसटी का टकराव ओबीसी के साथ ज्यादा है।

एससी, एसटी उत्पीडऩ कानून के तहत 80 से 90 फीसदी मामलों में आरोपी पिछड़ी जातियों के हैं। इस कानून के दुरुपयोग के अनगिनत मामले सामने आ चुके हैं और अदालतों ने इस पर अनेक बार टिप्पणियां की हैं। लेकिन शिक्षण संस्थान में ओबीसी को भी एससी और एसटी के साथ ही उत्पीडऩ के शिकार वर्ग में शामिल किया जा रहा है। क्या इससे तीनों समूहों के बीच समाज में भी समरसता स्थापित हो जाएगी? इसमें संदेह है लेकिन इससे एससी, एसटी व ओबीसी के साथ सामान्य वर्ग के संबंधों में तनाव जरूर बढ़ जाएगा। क्या सरकार यह तनाव बढ़ाना चाहती है?

अगर राज्यवार देखेंगे तो भाजपा को राजनीतिक नुकसान की संभावना और ज्यादा दिखेगी। मिसाल के तौर पर झारखंड में मुस्लिम, ईसाई और आदिवासी भाजपा के खिलाफ हैं। अगर सामान्य वर्ग भी खिलाफ हुआ तो भाजपा के पास क्या बचेगा? उत्तर प्रदेश में 80 और 20 की लड़ाई है। 80 में से 10 फीसदी यादव को पहले ही भाजपा ने अलग कर दिया है। अगर बचे हुए 70 फीसदी में से 20 से 25 फीसदी सामान्य वर्ग के लोग अलग हुए तो भाजपा के पास क्या बचेगा राजनीति करने को?

भाजपा के नेता इतने नासमझ तो नहीं हैं कि वे यह मानने लगें कि शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी के साथ ओबीसी को भी शोषित वर्ग में शामिल कर देने से उत्तर प्रदेश और बिहार में यादव भाजपा को वोट देने लगेंगे। दो तीन राज्यों के उदाहरण का विस्तार पूरे देश में किया जा सकता है। सो, कुल मिला कर यूजीसी का यह नियम सामाजिक विद्वेष बढ़ाने वाला और समानता की भावना के विपरीत तो है ही साथ ही भाजपा को बड़ा राजनीतिक नुकसान पहुंचाने वाला भी हो सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष राशि :

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है।

शुभ रंग- नारंगी, शुभ अंक- 6

### वृष राशि :

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बाते शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता आपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगे। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। नवविवाहितों को आज घूमने जाने का मौका मिलेगा।

शुभ रंग- सिल्वर, शुभ अंक- 6

### मिथुन राशि :

आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यों से राहत मिलेगी। आज का आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा।

शुभ रंग- मैजेंटा, शुभ अंक- 5

### कर्क राशि :

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। समय का सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें।

शुभ रंग- पिच, शुभ अंक- 4

### सिंह राशि :

आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें ग़ौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढिया़ नौकरी मिलने की संभावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं उन्हे पुराने किये गये कार्यों में वाह-वाही मिलेगी।

शुभ रंग- पीला, शुभ अंक- 5

### कन्या राशि :

आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कार्यों को करते समय फोकस बनायें रखें। आपको जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे अपनी समझदारी से बखूबी निभायेंगे।

शुभ रंग- नीला, शुभ अंक- 8

### तुला राशि :

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता निकाल लेंगे। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित चिंता दूर होगी।

शुभ रंग- पिच, शुभ अंक- 2

### वृश्चिक राशि :

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आपकी इच्छा शक्ति मजबूत बनी रहेगी। आज आपको अपने अन्दर इगो लेन से बचना होगा। जो बातें आपको बेहतर बनाती हैं, केवल उन पर ध्यान दें और सकारात्मक सोच रखें।

शुभ रंग- ग्रे, शुभ अंक- 7

### धनु राशि :

आज का दिन बढिया़ रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। बच्चे आज किसी जरुरी काम में अपनी माता की मदद मागेंगे, जिससे उनके काम पूरे होंगे। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। रुका हुआ काम पूरा होगा आपको मानसिक शांति मिलेगी।

शुभ रंग- गुलाबी, शुभ अंक- 6

### मकर राशि :

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी, आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है, मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जायेंगे जहां आपके अन्य दोस्त भी होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रु पक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे।

शुभ रंग- बैंगनी, शुभ अंक- 5

### कुंभ राशि :

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को पढ़ाई-लिखाई में शिक्षकों से मदद मिलेगी। लवमेट के साथ कहीं घूमने जायेंगे। छात्रों को आज सफलता मिलेगी।

शुभ रंग- भूरा, शुभ अंक- 6

### मीन राशि :

आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज नकारात्मक विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज गुस्से को नियंत्रित करने की कोशिश करें। आज आपको काम की जगह नए अवसर मिलेंगे। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। लवमेट के साथ चल रही अनबन आज समाप्त होगी।

शुभ रंग- गुलाबी, शुभ अंक- 9

## शब्द सामर्थ्य -322

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 321 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

## सू- दोकू क्र.322

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.321का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में फैला सनसनी माहौल

**चमकता राजस्थान/सेमारी।** सलूंबर जिले के सेमारी कस्बे मे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई घटना सिंचाई विभाग की नहर के पास बताई जा रही है महिला के शव मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में डर का माहौल बन गया पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही सेमारी पुलिस थाना से हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह भबराना जाब्ते के साथ मौके पर पहुँचे पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से महिला के संबंध में पूछताछ की हालांकि काफी प्रयासों के बाद भी महिला की शिनाख्त (पहचान) नहीं हो पाई है।

**● शिनाख्त के लिए उदयपुर रेफर**

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सेमारी सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) पहुँचाया। प्राथमिक प्रक्रिया के बाद, शव को पहचान और पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए सेमारी में मोर्चरी के अभाव के कारण उदयपुर रेफर किया जा रहा है। ₹महिला की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान सुनिश्चित होने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा और पुलिस द्वारा अग्रिम कानूनी कारवाई शुरू की जाएगी पुलिस प्रशासन सेमारी ने आसपास के थानों में महिला के हुलिए और कपड़ों के आधार पर सूचना प्रसारित कर दी है ताकि गुमशुदगी के दर्ज मामलों से मिलान किया जा सके ताकि पहचान में मदद मिल सके।

### चौमहला में नल कनेक्शन टूटने पर अवैध वसूली का आरोप ठेकेदार के आदमी ने रहवासियों से की अभद्रता

**चमकता राजस्थान/चौमहला/शुभम गुप्ता।** चौमहला नगर के गायत्री मंदिर रोड स्थित निर्माणाधीन अटल पथ पर पीडब्ल्यूडी ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के दौरान पुराने रोड की खुदाई की गई। खुदाई के चलते कई रहवासियों के नल कनेक्शन टूट गए, जिससे पिछले 6 दिनों से मोहल्ले में पानी की सप्लाई बाधित है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि नल कनेक्शन ठीक करने के नाम पर जलदाय विभाग से जुड़े ठेकेदार द्वारा 500 से 2000 तक की अवैध वसूली की गई। इतना ही नहीं, जब लोगों ने आपत्ति जताई तो उनके साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया गया।

गौरतलब है कि जिस क्षेत्र में कनेक्शन टूटे हैं, वहां अधिकांश परिवार मेहनत-मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं। ऐसे में उनसे इस प्रकार की राशि वसूलना गंभीर सवाल खड़े करता है।जब इस संबंध में जलदाय विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली गई, तो उन्होंने संबंधित व्यक्ति को विभाग का कर्मचारी मानने से इनकार करते हुए कहा कि यदि नल कनेक्शन टूटे थे तो लोगों को विभाग को सूचित करना चाहिए था और बिना पूछे पैसे नहीं देने चाहिए थे।अब सवाल यह उठता है कि आम नागरिक अपनी समस्या लेकर कहां जाए, जब एक ओर ठेकेदार की मनमानी और दूसरी ओर अधिकारियों की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की स्थिति सामने आ रही है। स्थानीय प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की जा रही है।

### उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल में कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/ फलोदी।** और स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से ''मिशन 100'' अभियान के तहत फलोदी रेलवे स्टेशन पर कर्मचारी शिकायत एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के तहत मंडल का यह चौथा शिविर था। शिविर में कार्मिक विभाग की टीम ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी ने बताया कि कुल 25 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागों को जारी किए गए हैं। स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सक द्वारा 35 कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों की हाई आरबीएस और ब्लड प्रेशर जांच की गई। चिकित्सक रविंद्र बिश्नोई ने सभी को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। शिविर का संचालन कल्याण निरीक्षक कुंभा राम बाजिया और स्टेशन अधीक्षक पुखराज मेघवाल की देखरेख में किया गया। मंडल प्रशासन ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए ऐसे शिविर भविष्य में भी लगातार आयोजित किए जाएंगे।

### ग्राम पंचायतों में प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और प्रदूषण के बारे में किया जागरूक



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल। सवाई माधोपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान 2026 अन्तर्गत ब्लॉक की समस्त ग्राम पंचायतों के गांवों में स्थित तालाबो, ट्यूबवेलों, हैण्डपम्प सहित अन्य जलाशयों पर ग्रामीणों के सहयोग से साफ-सफाई कर प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया।

विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीना ने बताया कि इस दौरान ग्राम पंचायत के समस्त सार्वजनिक स्थानो पर साफ-सफाई की गई ग्राम पंचायत स्तर पर समस्त राजकीय कार्यालयो में निर्मित पेयजल परिसम्पत्तियों की साफ-सफाई की गई समस्त राजकीय कार्यालयों एवं परिसर के आस पास से प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया।

विकास अधिकारी ने अभियान के तहत स्कूली विधार्थियों द्वारा प्लास्टिक कचरा प्लास्टिक बैंक में जमा करने के हेतु प्रोत्साहित किया। यह अभियान 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के अन्तर्गत अनुपयोगी प्लास्टिक का उपयोग कर विभिन्न कलाकृतिया बनाई गई। इसके अलावा प्लास्टिक से होने वाले नुकसान व प्रदूषण के बारे में लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

# जयपुर मेट्रो द्वारा ''मेट्रो ट्रेन चौपाल'' का सफल आयोजन

चमकता राजस्थान




**जयपुर।** जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (JMRC) द्वारा आज यात्रियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने तथा उनके सुझावों एवं प्रतिक्रियाओं को जानने के उद्देश्य से ''मेट्रो ट्रेन चौपाल'' कार्यक्रम का सफल आयोजन मेट्रो रेलवे स्टेशन पर किया गया।

यह कार्यक्रम मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार श्री वी. श्रीनिवास के जयपुर मेट्रो परियोजना के निरीक्षण के दौरान प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य मेट्रो प्रशासन एवं यात्रियों के मध्य संवाद को सशक्त बनाना, सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करना तथा यात्रियों की अपेक्षाओं को समझना रहा।

कार्यक्रम के दौरान, उपायुक्त (मेट्रो पुलिस) श्री सुशील कुमार, महाप्रबंधक (परिचालन) श्री करण सिंह मीणा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने यात्रियों से सीधे संवाद किया। यात्रियों ने मेट्रो सेवाओं, यात्री सुविधाओं, समयपालन, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा यात्रा अनुभव से संबंधित अपने विचार एवं सुझाव साझा किए।

लिखित सुझाव प्राप्त करने हेतु एक विशेष डेस्क भी स्थापित की गई, जहां यात्रियों ने उत्साहपूर्वक अपने सुझाव दर्ज कराए। लगभग 80 यात्रियों ने संवाद में भाग लिया तथा 60 से अधिक लिखित सुझाव प्राप्त हुए।

कार्यक्रम को और अधिक रोचक एवं सहभागितापूर्ण बनाने के लिए एक इंटरैक्टिव गतिविधि भी आयोजित की गई, जिसमें यात्रियों से मेट्रो संचालन, सुरक्षा नियमों एवं यात्री आचार संहिता से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों में जागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री वैभव गालरिया ने कहा कि ''मेट्रो ट्रेन चौपाल'' जैसे कार्यक्रम भविष्य में भी समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे, ताकि यात्रियों के साथ सतत संवाद बना रहें और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप सेवाओं में सुधार किया जा सकें।

जयपुर मेट्रो नागरिकों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## धड़केबाज युवा प्रतिष्ठान की तरफ से शिवाजी महाराज जयंती का शानदार जश्न मनाया गया !

चमकता राजस्थान



**अरविंद कोठारी/ठाणे/दिवा।** राज्य के राजा, आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के मौके पर, 'धड़केबाज युवा प्रतिष्ठान' की तरफ से स्थापक अध्यक्षअमोल धनराज केंद्रे की लीडरशिप में छत्रपति शिवजी महाराज जयंती उत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम और शिवमय माहौल में किया गया। श्लोक नगर फेज-2 में श्री शिव साईं सार्वजनिक जीवन महादेव मंदिर के सामने हुए इस शानदार जश्न में सैकड़ों शिव प्रेमी, नागरिक और खासकर इलाके के युवा शामिल हुए। शानदार सजावट और शिव ज्योतः उत्सव वेन्यू पर किया गया नजारा बहुत ही मनमोहक था। पूरा इलाका केसरिया रंग, गेंदे के फूलों की आकर्षक मालाओं और पारंपरिक सजावट से रोशन था। शिवाजी की शानदार और सुंदर मूर्ति पर फूल चढ़ाकर जलाई गई 'धगधगती शिव ज्योत' (मशाल) सबका ध्यान खींच रही थी।

युवाओं का जोशः ढोल-नगाड़ों की आवाज़, पोवाड़ा की प्रस्तुति और ₹छत्रपति शिवाजी महाराज की जय₹, जय भवानी, जय शिवाजी₹ के लगातार नारों से श्लोक नगर का इलाका भर गया।

इससे न सिर्फ त्योहार मनाने का संदेश मिला, बल्कि प्रतिष्ठान के ज़रिए शिवाजी महाराज के विचारों और सामाजिक कामों को भी आगे बढ़ाने का संदेश मिला।

श्री के विचार। प्रतिष्ठान के संस्थापक अध्यक्ष अमोल धनराज केन्द्रे ने कहाः ₹छत्रपति शिवाजी महाराज के विचार आज के युवाओं की असली ताकत हैं। आज की पीढ़ी के लिए शिवाजी के नैतिक मूल्यों, लोगों के प्रति वफादारी और उनके आदर्श मैनेजमेंट स्किल्स को अपनाना समय की ज़रूरत है। 'धड़ाकेबाज़ युवा प्रतिष्ठान' के ज़रिए, हमने इसी ज्वलंत विचार और शिवाजी महाराज की विरासत को ज़मीनी स्तर पर युवाओं तक पहुँचाने का संकल्प लिया है।₹

धड़ाकेबाज़ युवा प्रतिष्ठान के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।

### जोधपुर ओसियां चाडी चौराहे दुकानदारों ने कर रखा है अतिक्रमण



**चमकता राजस्थान/ श्रवण बिश्नोई।** ओसियां अतिक्रमण वजह से ट्रैफिक जाम रहता है आने जाने बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि दोनों तरफ दुकानदार रोड पर आने जाने वाली प्राइवेट बस हो या सरकारी बस ड्राइवर कनेक्टर को फ्री चाय के लालच में रोड पर ट्रैफिक जाम कर देता है इस वजह से आने जाने वाले आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इसकी कई बार प्रशासन अधिकारियों को शिकायत भी कर चुके हैं फिर भी कोई कार्रवाई नहीं यह हालत रोज की तरह ऐसी रहती है ओसियां के प्रशासन आपकी मोहन में बैठे हैं कितने बार भी है आम जनता है यहां की शिकायत कर चुके हैं कभी-कभी यहां एंबुलेंस भी फंस जाती हैं इस जाम की वजह से मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सरकार से निवेदन है यहां पर तुरंत एक्शन ले और कार्रवाई करें।

### कैम्ब्रिज इंग्लिश स्कूल के मावलास ने 'शिव ज्योत' सेरेमनी मनाई!



**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/दीवा।** कैम्ब्रिज इंग्लिश स्कूल के बच्चों ने दिवा शहर में हुए छत्रपति शिवाजी महाराज जन्मोत्सव सेरेमनी में अपने खूबसूरत वेश भूषा और अनुशासन में हिस्सा लेकर सबका ध्यान खींचा।

सेरेमनी की खास बातें:

* इतिहास का दर्शनः स्टूडेंट्स द्वारा बनाई गई राजमाता जिजाऊ और छत्रपति शिवाजी की तस्वीरों को देखकर लोग अभिभूत हो गए।

* संस्कारों की शिदोरीः स्कूल का मकसद बच्चों में कम उम्र से ही देशभक्ति और शिवाजी के विचार भरना था, जो सफल रहा।

* असरदार लीडरशिपः दीपक सर और मोसमी मैडम के गाइडेंस में, सभी टीचर्स और स्टाफ की कड़ी मेहनत की वजह से सेरेमनी जोश के साथ हुई। मानसी , प्रिया , जयश्री , मोनी , अंकिता , दर्शना के साथ-साथ विकास और राहुल जोगदंड ने इस सफल ऑर्गनाइज़ेशन में कीमती मदद की।

छत्रपति शिवाजी एक विचार हैं, जिसे इन छोटे बच्चों ने आज साकार किया! कैम्ब्रिजइंग्लिश स्कूल इसी तरह संस्कृति और शिक्षा को मिलाकर आगे बढ़ाते रहे।

## नगरपरिषद की लापरवाही के कारण वार्ड वासियों की जिंदगी बनी नरक

चमकता राजस्थान



**धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर शहर में ओडेला रोड स्थित अधूरे पड़े नाले की समस्या अब गंभीर रूप ले चुकी है। करीब 10 वर्ष पूर्व नाले का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन आज तक यह पूर्ण नहीं हो सका। नाले के पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था नहीं होने से राजा विहार कॉलोनी, प्रकाश कॉलेज रोड, मायावती नगर सहित आसपास की बस्तियों में वर्षा हो या न हो, स्थायी जलभराव की स्थिति बनी रहती है। लगातार भरे रहने वाले गंदे पानी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया व अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। कॉलोनीवासियों का कहना है, कि उन्होंने कई बार नगरपरिषद को लिखित व मौखिक शिकायतें दीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वार्ड क्षेत्र में सिविल लाइन का कार्य भी लगभग एक वर्ष पूर्व शुरू हुआ था, जो आज तक अधूरा पड़ा है। अधूरे निर्माण और अव्यवस्थित नाले के कारण ओडेला रोड, प्रकाश कॉलेज रोड सहित अन्य गलियों में जगह-जगह पानी भरा रहता है, जिससे राहगीरों व स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने शीघ्र समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी है, कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### शिक्षा सहयोगी मानदेय कर्मियों की बजट में उपेक्षा ज्ञापन सौंपा



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/कुण्डल।** सरकार द्वारा जनजाति क्षेत्रीय विकास के लिए संचालित मां बाडी योजना में कार्यरत शिक्षा सहयोगी मानदेय कर्मियों की बजट में उपेक्षा को लेकर शुक्रवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया । उन्होने योजना से जुडी महिला-पुरुष की विभिन्न मांगो को शीघ्र पुरा करने की मांग की।

मां बाडी संघ ब्लॉक अध्यक्ष लालाराममीना के नेतृत्व में एसडीएम डॉ. संजू मीना को दिए ज्ञापन में बताया कि शिक्षा से वंचित क्षेत्रमें शिक्षा की अलख जगाने के लिए 2007-08 से संचालित योजना में कार्यरत मानदेय आधारित शिक्षासहयोगी पिछले कई साल से जनजातिगाम विकास समिति से हराकर वरिष्ठता के आधार पर फैडर निर्धारित करने, डीबीटी के माध्यम से भुगतान करने सहित अन्य मांगो को कई बार सरकार के प्रतिनिधियों को बता चुके है लेकिन सरकार के बजट में हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से बजट चर्चा के दौरान संघ की प्रमुख मांगो को पूरा करने की मांग की। इस दौरान मोतीलाल मीना, रोहित, प्रदीप, विनोद, विष्णु, राजेश, प्रीती आदि लोग मौजूद रहे।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26: सहारनपुर ने फूँका स्वच्छता का शंखनाद, कार्यशाला में 'प्रथम स्थान' का लिया संकल्प



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** भारत सरकार के आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को धार देने के लिए सेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी जनमंच सभागार में सहारनपुर मंडल की सभी नगरीय निकायों हेतु एक दिवसीय वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर डॉ. अजय कुमार और नगरायुक्त शिपू गिरि ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए महापौर ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता अब केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि शहर की साख और नागरिकों की जिम्मेदारी की अग्निपरीक्षा है; उन्होंने प्रत्येक वार्ड और सहयोगी संस्था से इसे व्यक्तिगत संकल्प मानकर कचरा पृथक्कीकरण को दैनिक संस्कृति का हिस्सा बनाने का आ''ान किया। वहीं, नगरायुक्त शिपू गिरि ने कड़े संकल्प के साथ सहारनपुर को सर्वेक्षण में देश के शीर्ष पायदान पर लाने का लक्ष्य निर्धारित किया, जिसमें जमीन पर दिखने वाली सफाई और शत-प्रतिशत नागरिक फीडबैक को अनिवार्य बताया। लखनऊ से आए नोडल विशेषज्ञों, विश्व विजय प्रताप सिंह और ऋषभ ने तकनीकी सत्र के माध्यम से अधिकारियों को कचरा प्रबंधन, उपयोग किए गए जल के पुनर्चक्रण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और विजिबल क्लीननेस के मानकों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने सफाई को एक उत्सव की भांति मनाने और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीन शाह ने टूलकिट के मानकों की बारीकियों को समझने पर जोर दिया, जिससे आगामी सर्वेक्षण में मंडल की सभी निकाय उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

# डिजिटल निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 08 बीएलओ सम्मानित, जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी प्रोत्साहन राशि की मंजूरी

चमकता राजस्थान




अब्दुल खालिद/सहारनपुर। जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 की तैयारियों को गति देते हुए जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने ई-बीएलओ (e-BLO) ऐप पर सराहनीय कार्य करने वाले आठ बीएलओ को प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मियों का मनोबल बढ़ाना और डिजिटल डेटा प्रविष्टि में सटीकता सुनिश्चित करना है। नियमों के अनुसार, जिन बीएलओ ने ऐप पर 50 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का डेटा सफलतापूर्वक फीड किया है, उन्हें श्रेणीवार पुरस्कृत किया गया है। विकासखण्ड पुंवारका की ग्राम पंचायत सलेमपुर भूकडी के देविज कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 10,000 रुपये, मुजफ्फराबाद की ग्राम पंचायत पथरवा के मनोज कुमार को द्वितीय स्थान हेतु 8,000 रुपये तथा बलियाखेडी की ग्राम पंचायत बेलडा जुनारदार के मोहम्मद जावेद को तृतीय पुरस्कार के रूप में 6,000 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

इसके अतिरिक्त, निर्वाचन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पांच अन्य बीएलओ उमरेश पंवार (नकुड़), पवन कुमार (मुजफ्फराबाद), यशवीर सिंह पंवार (बलियाखेडी), शिव कुमारी (नकुड़) और अल्पना गोयल (देवबन्द) को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 3,000-3,000 रुपये दिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को समय-समय पर न केवल वित्तीय प्रोत्साहन बल्कि प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए जाते हैं, ताकि भविष्य के चुनावों में भी सभी कर्मचारी इसी उत्साह और पारदर्शिता के साथ अपना दायित्व निभा सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों को मिला इलाज



**राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले में चयनित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कैम्प लगाए जा रहे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जेमिनी ने बताया कि इन शिविरो में जांच पश्चात उपचार हेतु आवशयकता होने पर जिला स्तर/मेडिकल कॉलेज हेतु रेफर किया जायेगा। इन शिविरों में बच्चों की जाँच व उपचार के लिए चर्म रोग, आँख, नाक, गला रोग, नेत्र रोग, बाल रोग, नेत्र सहायक मौजूद रहते हैं जहां किशोर-किशोरियों की सम्बन्धित स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार उनकी जांच की जा रही है और आवशयकता अनुसार उन्हे उच्च संस्थानों पर रेफर किया जा रहा है। शुक्रवार को केम्प का आयोजन मित्रपुरा सीएचसी में किया गया। केम्प में 16 बच्चों का एनिमिया, 46 बच्चो का चर्म रोग, नाक कान गला के 14, 2 का दन्त रोग, 25 का आंख एवं 3 का अन्य बीमारियों का इलाज किया गया।
सीएमएचओ ने बताया कि जिले की विभिन्न सीएचसी पर प्लान के अनुसार केम्प लगाए जा रहे है। 21 को बौंली, 23 को तलावड़ा, 24 को वजीरपुर, 25 को पिलोदा, 26 को बामनवास, 27 को अमरगढ़ चौकी, 28 को खंडीप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच शिविर लगाए जाएंगे।

### भामाशाह के सहयोग से किशनगढ़ छाहरा विद्यालय को मिलेगा फर्नीचर



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल। सवाई माधोपुर।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय किशनगढ़ छाहरा के भौतिक विकास के लिए कारोली घाटा निवासी भामाशाह रामचरण चौधरी द्वारा 31 हजार रुपए की राशि विद्यालय को दान स्वरूप प्रदान की। यह योगदान ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है।
उक्त सहयोग राशि का चैक विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामबाबू गुर्जर द्वारा मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के अंतर्गत जमा कराने हेतु एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता को सौंपा गया।
एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सवाई माधोपुर जिले में संचालित अभिनव पहल ''भविष्य की उड़ान'' ग्रामीण समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता, उत्तरदायित्व एवं जनभागीदारी को सशक्त रूप से बढ़ावा दे रही है। कार्यक्रम अधिकारी, समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि 31 हजार रुपए के जनसहयोग पर राज्य सरकार से लगभग 46 हजार रुपए की अतिरिक्त राशि प्राप्त होगी। इस प्रकार विद्यालय को कुल 77 हजार रुपए उपलब्ध होंगे, जिससे विद्यालय में कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों के बैठने हेतु फर्नीचर क्रय करने सहित अन्य आवशयक विकास कार्य संपादित किए जाएंगे। इस अवसर पर समग्र शिक्षा एपीसी राकेश कुमार मीणा, सहायक लेखाधिकारी पुखराज गौड़ तथा प्रधानाचार्य किरोड़ी लाल मीणा इत्यादि उपस्थित रहे।

### ''3 प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक दुरूपयोग पाये जाने पर रसद विभाग की कार्यवाही''

**चमकता राजस्थान/जीवन्द कलां /पाली।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर के निर्देशानुसार सम्पूर्ण जिले में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग, अवैध रिफिलींग के विरूद्ध संचालित प्रतिष्ठानों व दुकानों एवं गोदामों इत्यादि के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है। जिला रसद अधिकारी कमल कुमार पंवार द्वारा गठित जांच दल द्वारा पाली जिले के सुमेरपुर ब्लॉक में आज शुक्रवार को 8 प्रतिष्ठानों एवं दुकानो का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें 3 प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग किया जाना पाये जाने पर कुल 7 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्ती की कार्यवाही की गई। जिसमें सुमेरपुर शहर स्थित मैसर्स आर.जे. 22 रेस्टोरेन्ट से 3 घेरलू गैस सिलेण्डर, तखतगढ स्थित मैसर्स स्वास्तिक रेस्टोरेन्ट से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं कोसेलाव स्थित मैसर्स शिव मिष्ठान भंडार से 1 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किये गये। दोषियों के विरूद्ध आवशयक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार जिले में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग, अवैध रफिलींग इत्यादि के विरूद्ध संचालित प्रतिष्ठानों, दुकानों, गोदामों एवं गैस एजेंसी के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी। कार्यवाही में संयुक्त जांच के प्रवर्तन अधिकारी जितेन्द्र सिंह आशिया एवं प्रवर्तन निरीक्षक भरत कुमार मौजूद रहे।



रमज़ानुल मुबारक का पहला जुम्माः

# इबादत, अमन और रहमत की दुआओं से गूंज उठीं मस्जिदें

## रोज़े के मसाइल पर इमामों ने डाली रोशनी | शहर भर की मस्जिदों में अकीदतमंदों की उमड़ी भीड़

चमकता राजस्थान

मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी। रमज़ानुल मुबारक के पहले जुम्मा के मौके पर मेड़ता रोड शहर की तमाम मस्जिदों में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। सजदे में झुके हजारों सरों ने अल्लाह तआला से अमन, चैन, तरक्की और इंसानियत की भलाई के लिए दुआएं मांगीं। मस्जिदों का माहौल पूरी तरह रूहानी रंग में रंगा नजर आया, जहां नमाजियों ने पूरे एहतराम और खशूअ-खुजू के साथ जुम्मे की नमाज़ अदा की।



जुम्मे के खुत्बे में इमामों ने रमज़ान की फज़ीलत बयान करते हुए रोज़े के मसाइल, उसकी शर्तों और एहतियातों पर तफसील से रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि रोज़ा सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि आंख, कान और ज़बान की हिफाज़त का भी नाम है। रोज़ा इंसान को सब्र, तक़्वा और हमदर्दी का सबक देता है।
इमामों ने अपने बयान में इस बात पर जोर दिया कि रमज़ान का महीना रहमत, मग़फिरत और जहन्नम से निजात का महीना है। इस मुबारक महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत, तिलावत-ए-कुरआन, सदक़ा व खैरात और जरूरतमंदों की मदद करने की ताकीद की गई। उन्होंने रोज़ेदारों को झूठ, गीबत और फिजूल बातों से बचने की नसीहत भी दी।
नमाज़ के बाद खास दुआ का एहतमाम किया गया, जिसमें मुल्क में अमन-ओ-अमान, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गईं। मस्जिदों के बाहर भी रौनक का आलम रहा, जहां लोग एक-दूसरे को रमज़ान की मुबारकबाद देते नजर आए। रमज़ानुल मुबारक के पहले जुम्मा ने एक बार फिर यह पैगाम दिया कि यह महीना सिर्फ इबादत का ही नहीं, बल्कि इंसानियत, मोहब्बत और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का भी है।

# निजी विद्यालयों में 20 डस्टबिन वितरित, स्वच्छता अभियान को मिली रफ्तार

चमकता राजस्थान

**जुगलकिशोर बावल/ जीवन्द कलां।** सादड़ी, फूलचंद फौजमल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित स्वच्छ सादड़ी हरित सादड़ी परियोजना के तहत नगर के निजी विद्यालयों में डस्टबिन वितरण कर स्वच्छता अभियान को नई गति दी गई। ट्रस्ट प्रतिनिधियों ने नगर के 13 निजी विद्यालयों में 20 बड़े डस्टबिन वितरित किए।
डस्टबिन वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर, दिल्ली कान्वेंट स्कूल, सनराइज पब्लिक स्कूल, विनायक पब्लिक स्कूल, सिद्धिविनायक विद्यामंदिर, महर्षि दयानंद विद्यालय, अक्सर लर्नर एकेडमी तथा वेलिंगटन इंग्लिश एकेडमी सादड़ी सहित अन्य विद्यालयों में डस्टबिन सुपुर्द किए गए।




परियोजना समन्वयक दीपक सिंह चौहान ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देसूरी विजयसिंह माली की पहल पर यह कदम उठाया गया। फिनिश सोसायटी के हिम्मत राम कुम्हार व राजेंद्र रोत ने विद्यालयों में पहुंचकर संस्था प्रधानों को डस्टबिन सौंपे तथा स्टाफ और विद्यार्थियों को स्वच्छ सादड़ी हरित सादड़ी परियोजना की जानकारी देते हुए सहयोग का आ''ान किया।
कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों के संस्था प्रधानों, स्टाफ व विद्यार्थियों ने सादड़ी नगर को स्वच्छ एवं हरित बनाने में सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिलाया।
चौहान ने बताया कि शीघ्र ही शेष राजकीय एवं निजी विद्यालयों में भी डस्टबिन उपलब्ध कराए जाएंगे। परियोजना के तहत अब तक 252 किलो पॉलिथीन अपशिष्ट एकत्रित कर निस्तारण के लिए बिसलपुर भेजा जा चुका है।

### महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए जिला प्रशासन की नई पहल– ''सक्षम नारी'' नवाचार कार्यक्रम।




**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/ फलोदी।** जिला कलेक्टर ने बताया कि महिला अधिकारिता विभाग के सहयोग से महिलाओं के कौशल एवं व्यक्तित्व विकास के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। वर्तमान में वाहन चालन, हिंदी-इंग्लिश टाइपिंग और ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शुरू किया गया है, जिसमें हर कोर्स में 60 महिलाएँ और बालिकाएँ प्रशिक्षण ले रही हैं। आगे चरणबद्ध तरीके से संचार एवं व्यक्तित्व विकास, फूड प्रोसेसिंग, बेकरी और फास्ट फूड निर्माण, डेयरी उत्पाद, हस्तशिल्प, मिट्टी उत्पाद, सिलाई-कढ़ाई, डिजिटल स्किल्स, बैंकिंग साक्षरता, ड्राइविंग स्किल्स, प्रतियोगी परीक्षा तैयारी और उद्यमिता प्रशिक्षण भी दिए जाएंगे।
प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए इच्छुक महिलाएँ महिला अधिकारिता विभाग, फलौदी के संपर्क नंबर 02925-356883 पर संपर्क कर पंजीकरण कर सकती हैं। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

### छात्रा ने पढ़ाई के दौरान पेन का ढक्कन मुंह में लिया, सांस के साथ अंदर चला गया इससे छात्रा की तबीयत बिगड़ सेहत

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/कुण्डल।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालोता में आज सुबह करीब 11:30 बजे कक्षा 9 की छात्रा लक्ष्मी राजावत पढ़ाई के दौरान पेन का पिछला ढक्कन मुंह में लिया,तभी वह मुंह में सांस के साथ अंदर चला गया। जिससे छात्रा की तबीयत खराब हो गई और उसे तेज घबराहट होने लगी और ज़ोर ज़ोर से आवाज़ करने लगी तो ने तुरंत स्कूल के शिक्षकों ने गंभीरता दिखाते हुए छात्रा को तुरन्त दौसा जिला अस्पताल पहुंचाया,जहां चिकित्सकों ने जांच कर। डॉक्टरों के अनुसार प्रारंभिक जांच में गले में पेन की कैप फंसी हुई नहीं मिली। आशंका है कि वह सांस या निगलने के दौरान पेट में चली गई हो। चिकित्सकों द्वारा छात्रा का एक्स-रे और अन्य जांच करवाई जा रही है, जिसके बाद ही स्पष्ट होगा कि पेन का ढक्कन शरीर के किस हिस्से में है। फिलहाल छात्रा का उपचार जारी है और उसकी हालत पर निगरानी रखी जा रही है।स्कूल प्रशासन के अनुसार घटना के समय कक्षा में गणित का पीरियड चल रहा था। शिक्षकों की तत्परता से स्कूली छात्रा लक्ष्मी राजावत को तुरन्त चिकित्सा सुविधा मिल सकी। और आगे भी ईलाज जारी हैं



### नाडोल में विकास की नई राहः किशनपुरा रोड सर्कल से मारू ढाणी तक सीसी सड़क तैयार, लोगों को मिली बड़ी राहत



**चमकता राजस्थान/मोहन भटनागर/नाडोल।** कस्बे के रानी रोड सर्कल से मारू ढाणी तक सीसी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। लंबे समय से जर्जर और गड्ढों में तब्दील इस मार्ग के सुधरने से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। वर्षों से यह सड़क राहगीरों, वाहन चालकों और विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी।
बरसात के दिनों में सड़क पर जलभराव और कीचड़ की स्थिति बन जाती थी, जिससे आवागमन बेहद कठिन हो जाता था। कई बार वाहन फंसने और दोपहिया चालकों के गिरने की घटनाएं भी सामने आई थीं। स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार मांग उठाने के बाद आखिरकार इस मार्ग का सीसी सड़क के रूप में निर्माण कराया गया।
नई सीसी सड़क बनने से अब न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि आसपास के निवासियों को भी धूल और गंदगी से राहत मिलेगी। व्यापारियों का कहना है कि बेहतर सड़क से क्षेत्र में आवाजाही बढ़ेगी, जिससे आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण पर खुशी जताते हुए उम्मीद

### रमज़ान की व्यवस्थाओं को लेकर पार्षद दल ने कमिश्नर व एसएसपी को सौंपा ज्ञापन; निर्बाध बिजली और ट्रैफिक सुधार की मांग

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** आगामी पवित्र माहे रमज़ान के दृष्टिगत जनसुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए पार्षद एवं कार्यकारिणी सदस्य मंसूर बदर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंडल कमिश्नर रूपेश कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पार्षदों ने अधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। पार्षद मंसूर बदर ने कमिश्नर से मांग की कि रमज़ान के दौरान विशेषकर सेहरी और इफ्तारी के समय बिजली की कटौती न की जाए और नगर सहित नव-सम्मिलित 32 गांवों में विशेष सफाई अभियान चलाकर सीवरेज व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, ईदगाह और जामा मस्जिद जैसे मुख्य मार्गों की तत्काल मरम्मत व स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने का अनुरोध किया गया। सुरक्षा और सुगम यातायात के मद्देनजर, एसएसपी से थाना कुतुबशेर, मंडी और कोतवाली क्षेत्रों में भीड़ नियंत्रण हेतु विशेष ट्रैफिक प्लान लागू करने तथा रेंच के पुल से रायवाला मार्ग तक वन-वे व्यवस्था करने की मांग की गई, जिस पर अधिकारियों ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए बेहतर व्यवस्था का पूर्ण आश्वासन दिया।



# रेल रणुजा के दो दिवसीय विशाल भजन संध्या एवं ध्वजा वह महाप्रसादी का आयोजन

चमकता राजस्थान

**भरत कुमार गांधी रानी।** रानी नगर के प्रताप बाजार स्थित रेलवे एवं परिसर में श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय विशाल भजन संध्या एवं ध्वजा व महाप्रसादी का आयोजन हुआ।
भजन संध्या के गायक कलाकार नरेश राव ने गणपति व वंदना गुरु वंदना के साथ भजनों को आगाज किया।
राव ने लीलो लीलो घोड़लियो रुणिचा में सोवे रे....... खम्मा खम्मा मारा रुणिचा रा धणिया............ एक से एक बढ़कर भजनों की प्रसिद्ध दी गई भजन गायिका आस्था खारवाल श्याम तेरा सबसे बड़ा नाम...... अलग-अलग भजनों की प्रस्तुति आदि बाबा के भक्ति गण नाचने के लिए मजबूर हो गए पंडाल में तालिया की आवाज से पंडाल गूंज उठा। इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेवी भारत जैन जोजावर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रानी रेलवे स्टेशन अधीक्षक विजय सिंह शेखावत , पंचायत समिति विकास अधिकारी नारायण सिंह राजपुरोहित का साफा एवं माला से बहुमन किया गया।
भजनों में अगले वर्ष 2026 की बोलियां लगाई गई। दूसरे दिन प्रातः बाबा रामदेव की ध्वजा मोहिनी देवी शंकर लाल अग्रवाल व चंदूलाल जैन महाप्रसादी के लाभार्थी स्वर्गीय महेंद्रादेवी महेश चंद्र शर्मा व स्वर्गीय दारमी बाई गोपालदास वैष्णव के परिवार की ओर से लाभ लिया गया। बाद मे महाप्रसादी का आयोजन हुआ जिसमें नगर सहित आसपास क्षेत्र के कई लोगों ने भाग लिया कार्यक्रम का संचालक विक्रम आदिवाल ने किया।



हमले के बाद हरकत में जनप्रतिनिधि,

### लूणाराम जारोड़ा के बेहतर इलाज के लिए मंत्री तक पहुंचे विधायक।



**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय रहे लूणाराम जारोड़ा पर हुए हमले के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घायल जारोड़ा का उपचार जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में जारी है। इसी बीच मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरु ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर से मुलाकात कर बेहतर उपचार सुनिश्चित करने की मांग की।
विधायक कलरु ने मंत्री को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए बताया कि हमले में घायल लूणाराम जारोड़ा की स्थिति को देखते हुए उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना आवशयक है। मामले की गंभीरता को समझते हुए मंत्री खींवसर ने तुरंत एसएमएस अस्पताल प्रशासन से दूरभाष पर संपर्क कर चिकित्सकों को समुचित और बेहतर उपचार के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अस्पताल प्रशासन को सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के आदेश भी दिए।
इसके पश्चात विधायक लक्ष्मण राम कलरु स्वयं जयपुर पहुंचकर अस्पताल में भर्ती लूणाराम जारोड़ा से मिले, उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और परिजनों से संवाद कर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि उपचार में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा प्रशासन से लगातार संपर्क बनाए रखा जाएगा।
पर्यावरण प्रेमी पर हमले की इस घटना ने क्षेत्र में चिंता और आक्रोश का माहौल बना दिया है।

# राजस्थान का बेटा बना एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष, सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष, आसिब खलीफा जिला सचिव, साबिर अब्बास ने कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की

चमकता राजस्थान

**(साबिरमोहम्मद) सवाई माधोपुर/**राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सबसे बड़े छात्र संगठन,एनएसयूआई, के पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जी ने कांग्रेस पार्टी की रीड की हड्डी मजबूत करने के लिए विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ को बनाया गया जबकि विनोद जाखड़ की टक्कर में निर्मल चौधरी ने काफी प्रयास किया मगर सचिन पायलट की सूझबूझ एवं विनोद जाखड़ जैसे युवा नेता के सपोर्ट मे पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने राहुल गांधी से सपोर्ट किया विनोद जाखड़ को राष्ट्रीय अध्यक्ष को बनने के लिए, इस बीच




राजस्थान में कांग्रेस पार्टी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और प्रथम बार राजस्थान के युवा नेता विनोद जाखड़ को एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जानकारी देते हुए एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष आसिब खलीफा ने बताया की हमारे नेता आदरणीय विनोद जाखड़ जी काफी दिनों से राजस्थान के युवा वर्ग के लिए छात्र शक्ति के लिए हरदम तत्परता से तैयार रहते हैं, एवं कांग्रेस हित में काम किया एवं, काफी आंदोलन किया तब जाकर के हमारे पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जी ने हमारे भाई विनोद जाखड़ जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया राहुल गांधी जी एवं तमाम नेताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं की आपने जो जिम्मेदारी दिए हैं उस विनोद जाखड़ जी एवं हम सब, पूर्णता के साथ में मिलजुलकर निभाएंगे,, इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटकर कार्यकर्ताओं के साथ खुशी का जश्न मनाया, इस मौके पर मौजूद रहे सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष आसिब खलीफा, जिला सचिव साबिर अब्बास एवं तमाम कार्यकर्ता, ने खुशी का जश्न मनाया।




# रामकृष्ण परमहंस


दक्षिणेश्वर एक ओर गंगा, दूसरी ओर काली माँ का मंदिर और उसके पास एक छोटी कुटिया जहाँ रामकृष्ण रहते हैं। दिन भर पूजा, भजन, आगंतुकों से बातचीत; रात को वही छोटी झोपड़ी, जहाँ वे अक्सर ध्यान में डूबे रहते हैं। उनकी दुनिया में शुरू से काली का नाम प्रमुख है, लेकिन धीरे-धीरे सवाल केवल 'माँ' तक सीमित नहीं रहता; उसका विस्तार 'उसके पीछे क्या है' तक पहुँचने लगता है। यही जगह है जहाँ वेदांत की भाषा में कहें तो 'रूप से अरूप' की तरफ़ उनका झुकाव बढ़ता है। उनके जीवन में तोतापुरी का आगमन इस मोड़ का प्रतीक माना जाता है। तोतापुरी एक घुमंतू संन्यासी थे, नग्न नगा परंपरा से, साफ़झसाफ़ अद्वैतझवेदांती। उनके लिए ब्रह्म एक ही सत्य था निराकार, निर्गुण, निरवच्छिन्न। जब वे रामकृष्ण से मिलते हैं तो उन्हें एक अत्यंत परिपक्वभक्त दिखता है जो माँ काली में पूरी तरह विलीन है, पर अभी तक 'निर्गुण' की दिशा में नहीं गया। वे प्रस्ताव रखते हैं कि रामकृष्ण को अद्वैतझवेदांत की दीक्षा दी जाए।

कथा के अनुसार रामकृष्ण कहते हैं, पहले माँ से पूछना पड़ेगा। वे मंदिर में जाते हैं, अपने ढंग से 'अनुमति' लेते हैं और फिर दीक्षा स्वीकार करते हैं। तोतापुरी उन्हें सिखाते हैं कि ध्यान में किसी भी रूप की कल्पना छोड़कर केवल निराकार ब्रह्म पर मन को टिकाना है। रामकृष्ण कोशिश करते हैं, लेकिन आँख बंद करते ही काली की मूर्ति सामने आ जाती है। तब तोतापुरी उन्हें निर्देश देते हैं कि जैसे तलवार से किसी आकृति को काटते हैं, वैसे ही 'ज्ञान की तलवार' से उस रूप को काटकर आगे बढ़ना होगा। बाद के विवरणों में रामकृष्ण कहते हैं कि उन्होंने भीतर ही भीतर माँ के रूप को काटकर उसके पार जाना चाहा और फिर कुछ समय के लिए पूरी तरह 'निर्विकल्प समाधि' की अवस्था में चले गए। यह प्रसंग भले प्रतीकात्मक हो, लेकिन वेदांत की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहाँ भक्ति और अद्वैत के बीच विरोध नहीं दिखाया जाता; भक्ति से निकला साधक अद्वैत के अनुभव तक जाता है, और वापस लौटकर दोनों को एक ही सच के दो पक्ष की तरह देखना शुरू करता है। तोतापुरी के लिए शुरुआत में केवल 'निर्गुण ब्रह्म' ही सत्य था; रामकृष्ण के अनुभव के बाद उनके अपने दृष्टिकोण में भी परिवर्तन बताया जाता है वे काली के रूप में भी उसी ब्रह्म की उपस्थिति को पहचानने लगते हैं। रामकृष्ण की वेदांतिक समझ को उनकी छोटीझछोटी बातों में देखा जा सकता है। वे अक्सर कहते थे' ब्रहम सत्य है, जगत मिथ्या है यह अद्वैत की दृष्टि है; पर उसी के साथ यह भी सच है कि जब तक 'मैं' की भावना है, तब तक संसार और ईश्वर दोनों का अनुभव होता है।' कुछ उद्धरणों में आता है कि वे कहते हैं: 'अद्वैत सत्य है, लेकिन सबके लिए और हर समय नहीं; साधक के लिए कभी अद्वैत, कभी भक्ति, दोनों की ज़रूरत होती है।' वेदांत के क्लासिकल रूप में, जैसा शंकराचार्य की व्याख्या में दिखता है, ब्रह्म निराकार, निर्गुण और अकेली अंतिम सत्यता है; जगत और व्यक्तित्व अंततः मायिक, अवास्तविक, या कम से कम 'परम' नहीं माने जाते। रामकृष्ण इस विचार को स्वीकार करते हैं, पर साथ ही यह ज़ोर देते हैं कि साधक के लिए 'ईश्वरझसाक्षात्कार' केवल दार्शनिक ज्ञान से संभव नहीं, अनुभूति और प्रेम से संभव है। वेदांत उनके यहाँ सि×र्फ बौद्धिक प्रणाली नहीं, जीने और साधना का मार्ग बन जाता है जिसके लिए वे चारों योगों (कर्म, भक्ति, ज्ञान, राजयोग) को मान्य रास्ते मानते हैं



उनकी एक तरह की 'व्यवहारिक वेदांत' पाँचझ छह सरल बातों में दिखती है, जिन्हें बाद के स्वामी अक्सर उद्धृत करते हैं: भगवान है, और भगवान की प्राप्ति जीवन का अंतिम उद्देश्य है, उसका अनुभव किया जा सकता है, केवल सुना या पढ़ा नहीं जा सकता, यह अनुभव किसी एक धर्म या पंथ तक सीमित नहीं; अलगझ अलग धर्म उसी सत्य तक जाने के अलग रास्ते हैं। स्वामी विवेकानंद बाद में जो 'नवझवेदांत' या 'व्यावहारिक वेदांत' सामने रखते हैं, उसका आधार रामकृष्ण की यही मिलीझजुली दृष्टि है: ब्रह्म एक है, निर्विशेष भी है, लेकिन वही ब्रह्म व्यक्ति, समाज और विश्व के रूप में भी मौजूद है; इसलिए मनुष्यझसेवा भी ईश्वरझसेवा है। विवेकानंद अद्वैत के दार्शनिक पक्ष को मज़बूती से रखते हैं, पर रामकृष्ण के अनुभव की तरह वे भी यह मानते हैं कि ब्रह्म 'सगुण' और 'निर्गुण' दोनों रूपों में एक ही है। रामकृष्ण के जीवनझ कथाकारों ने बारझबार लिखा है कि उनकी बातों में तीन गुण दिखते हैं भरोसेझलायक होना, सीधे अनुभव से आना और व्यवहार में उतार सकने योग्य होना। वे किसी बड़े ग्रंथ से उद्धरण देकर नहीं, अपने अनुभव से बात रखते हैं। वेदांत की भारीझभरकम भाषा को वे छोटीझछोटी कहानियों में बदल देते हैं जैसे 'मिट्टी के घड़े में रखा पानी, नदी का पानी और बारिश का पानी तीन रूप हैं, पर वस्तु एक ही है' या 'नाना रंग की रोशनियाँ पर बिजली एक ही।' इन उदाहरणों से वे यह समझाने की कोशिश करते हैं कि रूप, नाम और परंपरा बदलने पर भी अंतिम सत्य एक ही है। आज रामकृष्ण परमहंस को याद करते हुए, वेदांत के संदर्भ में उनका योगदान यही दिखता है कि उन्होंने अद्वैत के सूखे बौद्धिक ढाँचे को लोकझ अनुभव और भक्ति से जोड़कर एक जीवित चीज़ बना दिया। ब्रह्म उनके लिए केवल 'अकल्पनीय निराकार' नहीं, माँ काली भी है, हर जीव में बैठा 'शिव' भी है, और उस अनुभव की स्थिति भी है जहाँ सब भेद मिट जाते हैं। यह तीनों स्तर सगुण, निर्गुण और सेवा के रूप में ब्रह्म उनके जीवन में एक साथ दिखाई देते हैं, और यहीं से आगे की रामकृष्णझविवेकानंद वेदांतझपरंपरा की रेखा निकलती है। क्या कोई संघी ढकोरपंथी आचार्य के विचार को मानना अफोर्ड कर सकता है? निश्चित रूप से नहीं क्योंकि भाजपाई और संघी धर्म विचार सिर्फ सत्ता प्राप्ति मार्ग है दरअसल इसमें जन और व्यक्ति का कोई स्थान ही नहीं इसलिए यह 'स्वयं सेवक' ही रह जाते हैं और सत्ता द्वारा स्वयं की सेवा उनका मार्ग।





## संक्षिप्त खबरें

### कार्लोस अल्कराज ने कतर ओपन के सेमीफाइनल में बनाई जगह, जैनिक सिनर बाहर



**दोहा।** कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहा। स्पेन के स्टार खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने करेन खाचानोव को कड़े संघर्ष में हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया, जबकि इटली के जैनिक सिनर को याकुब मेंसिक के हाथों हार झेलनी पड़ी। ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे अल्कराज ने खाचानोव को 6-7 (3/7), 6-4, 6-3 से मात दी। पहला सेट टाई-ब्रेक में गंवाने के बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अगले दो सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। अब सेमीफाइनल में अल्कराज का सामना आंद्रे रुबलेव से होगा। रुबलेव ने अपने क्वार्टरफाइनल में स्टेफानोस सित्सिपास को 6-3, 7-6 (7/2) से हराया। दूसरी ओर, विश्व नंबर दो सिनर का अभियान यहीं समाप्त हो गया। उन्हें छठी वरीयता प्राप्त याकुब मेंसिक ने 7-6 (7/3), 2-6, 6-3 से पराजित किया। मेंसिक ने जीत के बाद कहा कि वह मुकाबले में जीत की मानसिकता के साथ उतरे थे। अब सेमीफाइनल में उनका सामना फ्रांस के आर्थर फिल्स से होगा, जिन्होंने जिरी लेहेका को सीधे सेटों में हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

### ब्रिटिश ओलंपियन कीली हॉजकिंसन ने तोड़ा 800 मीटर का विश्व इंडोर रिकॉर्ड



**लीविन (फ्रांस)।** ब्रिटेन की ओलंपिक चैंपियन कीली हॉजकिंसन ने महिलाओं की 800 मीटर स्पर्धा में नया विश्व इंडोर रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रच दिया। वर्ल्ड एथलेटिक्स के अनुसार उन्होंने गुरुवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर टूर गोल्ड मीट में 1:54.87 मिनट का समय निकालते हुए स्लोवेनिया की योलांडा चेपलाक का लगभग 24 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। चेपलाक ने 3 मार्च, 2002 को 1:55.82 मिनट का समय लेकर यह रिकॉर्ड बनाया था। हॉजकिंसन ने इस समय को 0.95 सेकंड से बेहतर करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। स्विट्जरलैंड की ऑड्रे वेरो दूसरे स्थान पर रहीं, लेकिन वह ब्रिटिश धाविका से काफी पीछे थीं। दौड़ की शुरुआत से ही 23 वर्षीय हॉजकिंसन ने बढ़त बना ली थी। उन्होंने 200 मीटर 26.47 सेकंड में और 400 मीटर 55.56 सेकंड में पूरा किया। 600 मीटर तक पहुंचते-पहुंचते (1:25.06) वह अन्य धाविकाओं से काफी आगे निकल चुकी थीं।

### म्यांमार के यांगून में दो मैत्री मैच खेलेगी भारतीय अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम



**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम म्यांमार के यांगून में 3 और 5 मार्च 2026 को दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। यह मुकाबले टीम की एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 की तैयारियों का हिस्सा हैं। 'ब्लू कोल्ट्स' के नाम से मशहूर भारतीय टीम इस वर्ष अब तक चार अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबले खेल चुकी है। टीम ने गोवा में ताजिकिस्तान के खिलाफ दो और तुर्किये के अंताल्या में दो मैच खेले थे। तुर्किये दौरे से लौटने के बाद मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस की टीम गोवा में ही अभ्यास कर रही है। भारतीय दल 28 फरवरी को म्यांमार की राजधानी यांगून के लिए रवाना होगा। भारत की तरह म्यांमार ने भी एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 के लिए क्वालीफाई किया है। म्यांमार ने क्वालीफायर के ग्रुप-सी में शीर्ष स्थान हासिल किया था। इस ग्रुप में ओमान, सीरिया, अफगानिस्तान और नेपाल जैसी टीमें शामिल थीं। एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 में भारत को ग्रुप-डी में रखा गया है, जहां उसका मुकाबला 6 मई को ऑस्ट्रेलिया, 10 मई को उज्बेकिस्तान और 13 मई को डीपीआर कोरिया से होगा।

# होबार्ट चरण में नई ऊर्जा के साथ वापसी को तैयार भारतीय पुरुष हॉकी टीम

## कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में 20 से 25 फरवरी तक स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब एफआईएच प्रो लीग के होबार्ट चरण पर फोकस कर चुकी है, जो 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेला जाएगा। भारतीय टीम स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर नई शुरुआत करने के इरादे से उतरेगी। राउरकेला चरण से मिले अनुभवों के बाद भारतीय टीम ने सकारात्मक सोच के साथ खुद को फिर से तैयार किया है। आगामी मुकाबलों को टीम संयोजन परखने, रणनीति को मजबूत करने और इस साल होने वाले पुरुष हॉकी विश्व कप तथा एशियाई खेलों से पहले लय हासिल करने के अहम अवसर के रूप में देखा जा रहा है। 24 सदस्यीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ कई युवा प्रतिभाओं को भी शामिल किया गया है। भारत अपने अभियान की शुरूआत 21 फरवरी को स्पेन के खिलाफ करेगा, इसके बाद 22 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। 24 फरवरी को एक बार फिर स्पेन से मुकाबला होगा, जबकि 25 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम मैच खेला जाएगा।

हालिया रिकॉर्ड दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर का संकेत देते हैं। स्पेन के साथ पिछले 10 मुकाबलों में दोनों टीमों ने चार-चार जीत दर्ज की हैं, जबकि दो मैच ड्रॉ रहे, जिन्हें भारत ने शूटआउट में जीता। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आंकड़े मेजबान टीम के पक्ष में हैं, जहां पिछले 10 मैचों में उसे छह जीत मिली हैं, जबकि भारत ने दो मुकाबले जीते और दो ड्रॉ रहे। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हार्दिक सिंह को इस चरण के लिए कप्तान बनाया गया है। टीम में अमनदीप लकड़ा, मनमीत सिंह, अंगद वीर सिंह, अरिजीत सिंह हुंडाल और आदित्य अर्जुन लालगे जैसे युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित करने के लिए उत्सुक हैं। कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि टीम सकारात्मक और आक्रामक सोच के साथ मैदान पर उतरेगी तथा युवा खिलाड़ियों की ऊर्जा टीम के प्रदर्शन में नई धार जोड़ेगी। भारतीय टीम हॉबर्ट चरण में मजबूत प्रदर्शन कर बड़े टूनामेंटों से पहले आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी।


### कार्लोस अल्कराज ने कतर ओपन के सेमीफाइनल में बनाई जगह

दोहा। कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहा। स्पेन के स्टार खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने करेन खाचानोव को कड़े संघर्ष में हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया, जबकि इटली के जैनिक सिनर को याकुब मेंसिक के हाथों हार झेलनी पड़ी। ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे अल्कराज ने खाचानोव को 6-7 (3/7), 6-4, 6-3 से मात दी। पहला सेट टाई-ब्रेक में गंवाने के बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अगले दो सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। अब सेमीफाइनल में अल्कराज का सामना आंद्रे रुबलेव से होगा। रुबलेव ने अपने क्वार्टरफाइनल में स्टेफानोस सित्सिपास को 6-3, 7-6 (7/2) से हराया। दूसरी ओर, विश्व नंबर दो सिनर का अभियान यहीं समाप्त हो गया। उन्हें छठी वरीयता प्राप्त याकुब मेंसिक ने 7-6 (7/3), 2-6, 6-3 से पराजित किया।


## एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स के फाइनल में पहुंची इंडिया ए

# सेमीफाइनल में श्रीलंका ए को पांच विकेट से हराया

**बैंकॉक। एजेंसी**



● 22 फरवरी को बांग्लादेश ए और पाकिस्तान ए के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा

इंडिया ए महिला क्रिकेट टीम ने एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स के सेमीफाइनल में श्रीलंका ए महिला क्रिकेट टीम को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। यह मुकाबला बैंकॉक के टर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। अब फाइनल में भारत का सामना 22 फरवरी को बांग्लादेश ए और पाकिस्तान ए के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा। कप्तान राधा यादव ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। उन्होंने 19 रन देकर चार विकेट झटके और फिर लक्ष्य का पीछा करते हुए 18 गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ए की टीम 118 रन पर सिमट गई। राधा के अलावा तनुजा कंवर और प्रेमा रावत ने दो-दो विकेट लेकर रनगति पर नियंत्रण रखा। जवाब में वृंदा दिनेश ने 20 गेंदों पर तेज 42 रन बनाकर भारत को मजबूत शुरूआत दी। बीच में कुछ विकेट गिरने के बावजूद राधा की आक्रामक पारी ने टीम को जीत तक पहुंचा दिया।

# पाकिस्तान ने हॉकी टीम के कप्तान अम्माद बट पर लगा दो साल का प्रतिबंध रद्द किया

**इस्लामाबाद। एजेंसी**



पाकिस्तान सरकार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान अम्माद शकील बट पर लगाया गया दो साल का प्रतिबंध रद्द कर दिया। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) द्वारा लगाया गया यह प्रतिबंध सरकार ने 'गैरकानूनी और असंवैधानिक' करार दिया है। पीएचएफ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने से ठीक पहले तारिक बुगती ने अम्माद शकील बट को फेडरेशन की आलोचना करने के आरोप में दो साल के लिए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू हॉकी से प्रतिबंधित कर दिया था। बट ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान हुई अव्यवस्थाओं को लेकर फेडरेशन पर गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा संरक्षक-इन-चीफ नियुक्त किए गए पीएचएफ के अंतरिम अध्यक्ष मुहयुद्दीन अहमद वानी ने बुगती के इस फैसले को पलटते हुए इसे 'गैरकानूनी और असंवैधानिक कदम' बताया। ऑस्ट्रेलिया दौरे से टीम की वापसी के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया था। कैनबरा में खेले गए एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों के दौरान टीम को भारी लॉजिस्टिक समस्याओं का सामना करना पड़ा।

राज्य संचालित पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (पीएसबी) द्वारा टीम के लिए पांच सितारा होटल में ठहरने हेतु एक करोड़ रुपये जारी किए जाने के बावजूद खिलाड़ियों को एयरबीएनबी आवास में ठहरना पड़ा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुगती का इस्तीफा तुरंत स्वीकार करते हुए मुहयुद्दीन अहमद वानी को पीएचएफ का एड-हॉक अध्यक्ष और ब्रिगेडियर मुसरतुल्लाह को महानिदेशक नियुक्त किया है।

# जोनाथन ट्रॉट ने अफगानिस्तान के साथ अपने सफर को कहा अलविदा

## 'संयोग' से शुरू हुई थी कोचिंग यात्रा

**चेन्नई। एजेंसी**



अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने 2026 टी20 विश्व कप में टीम के अंतिम ग्रुप मुकाबले के बाद अपने कार्यकाल को भावुक अंदाज में अलविदा कहा। कनाडा के खिलाफ जीत के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में 44 वर्षीय ट्रॉट अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। उन्होंने स्वीकार किया कि अफगानिस्तान के साथ उनकी यात्रा 'संयोग से शुरू हुई', लेकिन यह अनुभव उनके जीवन के सबसे संतोषजनक अध्यायों में से एक रहा। अफगानिस्तान ने अपने अंतिम ग्रुप मैच में कनाडा को हराया। इस मुकाबले में इब्राहिम जदरान 95 रन की नाबाद पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। उन्होंने अपना पुरस्कार कोच ट्रॉट को समर्पित किया और विदाई प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सामने बैठकर अपने कोच को भावुक होते देखा। जोनाथन ट्रॉट ने 2022 में अफगानिस्तान टीम की कमान संभाली थी। उन्होंने खुलासा किया कि मूल रूप से यह पद ग्राहम थॉर्प को संभालना था, लेकिन परिस्थितियों के चलते वह यह जिम्मेदारी नहीं ले सके। इसके बाद ट्रॉट को यह अवसर मिला। उन्होंने कहा मुझे यह मौका संयोग से मिला। ग्राहम थॉर्प ने मेरे कोचिंग करियर के विकास में बड़ी भूमिका निभाई थी। जब यह जिम्मेदारी मिली तो मैंने इसे दोनों हाथों से स्वीकार किया और पूरी निष्ठा से काम किया। ट्रॉट ने अपने कार्यकाल की कई यादगार उपलब्धियों को याद किया। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान ने विश्व कप में पहली बार पाकिस्तान को हराया, इंग्लैंड को मात दी और पाकिस्तान, बांग्लादेश तथा दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमों के खिलाफ विदेशी सरजमीं पर द्विपक्षीय सीरीज जीती। हालांकि 2026 टी20 विश्व कप में टीम 2024 जैसी सफलता दोहराने में सफल नहीं रही, लेकिन ट्रॉट ने परिणामों से अधिक टीम के मानवीय विकास को अहम बताया। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने पहली बार इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई और रहमानुल्लाह गुरबाज जैसे खिलाड़ियों को देखा, तो उनकी प्रतिभा ने प्रभावित किया।

ट्रॉट ने कहा कि उनके लिए सबसे बड़ी संतुष्टि यह देखना रहा कि खिलाड़ियों की जिंदगी मैदान के बाहर भी बदली है। उन्होंने कहा इन खिलाड़ियों ने न केवल अपने खेल से, बल्कि अपने परिवारों की तकदीर बदलने की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं।

युवा लड़कों को जिम्मेदार युवाओं में बदलते देखना मेरे लिए बेहद संतोषजनक रहा। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी को लेकर पूछे गए सवाल पर ट्रॉट ने टीम में गहराई बढ़ाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि भविष्य में अलग-अलग परिस्थितियों के लिए विविध विकल्प तैयार करना जरूरी है, जैसे बाएं-दाएं हाथ के संयोजन और अतिरिक्त बल्लेबाजी विकल्प। अपने अगले कदम पर ट्रॉट ने फिलहाल कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया। हालांकि इंग्लैंड टीम के कोच बनने की संभावना पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा मैंने अपने करियर का बड़ा हिस्सा इंग्लैंड में बिताया है। किसी दिन उस टीम को कोच करने का मौका मिले तो अच्छा लगेगा, लेकिन अभी मैं कुछ दिन आराम करना चाहता हूं। जोनाथन ट्रॉट का कार्यकाल उतार-चढ़ाव से भरा रहा, लेकिन उन्होंने गर्व के साथ कहा कि अफगानिस्तान के साथ बिताए गए ये साल उनकी जिंदगी की अमूल्य यादें बनकर रहेंगे।

### 'व्यक्तियों से टीम' बनने का सफर

ट्रॉट ने बताया कि अफगानिस्तान की असली ताकत केवल उनके स्पिन गेंदबाज नहीं, बल्कि टीम के रूप में उनका विकास है। उन्होंने कहा कि जब वह पहली बार टीम के साथ आयरलैंड दौरे पर गए थे, तब उन्हें महसूस हुआ कि खिलाड़ियों में अपार प्रतिभा है, लेकिन उन्हें केवल संरचना और पेशेवर रवैये की जरूरत है। उन्होंने कहा थोड़ी-सी संरचना, पेशेवर मानसिकता और उच्च मानक जोड़ने से बड़ा बदलाव आया। आज की टीम और पहले की टीम में जमीन-आसमान का अंतर है। ट्रॉट ने यह भी रेखांकित किया कि अफगानिस्तान के खिलाड़ी सीमित संसाधनों में खेलते हैं। उनके पास स्थायी घरेलू मैदान, आधुनिक अकादमियां और बुनियादी ढांचे की वैसी सुविधाएं नहीं हैं जैसी अन्य बड़ी टीमों के पास हैं। उन्होंने कहा, ह्लइन खिलाड़ियों को जो सुविधाएं मिलती हैं, उसकी तुलना में उनका प्रदर्शन अविश्वसनीय है। कई खिलाड़ियों को वह शिक्षा और प्रशिक्षण नहीं मिला जो मुझे मिला था, फिर भी वे 20 हजार दर्शकों के सामने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव संभालते हैं। मैं हर खिलाड़ी को सलाम करता हूं।

## व्यापार

### भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता अप्रैल में लागू होने की संभावना : गोयल

**नई दिल्ली। एजेंसी**



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने और अप्रैल में इसके लागू होने की संभावना जताई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने के लिए एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन को लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि भारत के ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अप्रैल में लागू होने की उम्मीद है। पीयूष गोयल ने कहा कि न्यूजीलैंड के साथ समझौता सितंबर में लागू हो सकता है। भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि ऐसा पहली बार हुआ है कि ईयू के सभी 27 देश इस बात के लिए उत्सुक हैं कि एफटीए को जल्द ही फाइनल किया जाए और आगे बढ़ाया जाए। गोयल ने कहा कि यह समझौते 140 करोड़ भारतीयों की ताकत है।

भारत और अमेरिका के अधिकारियों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए तीन दिवसीय बैठक 23 फरवरी से अमेरिका में शुरू होगी। इस महीने की शुरूआत में भारत-अमेरिका ने एक संयुक्त बयान में घोषणा की थी कि अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा तय कर ली गई है।

# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 311 अंक उछला, निफ्टी 25,550 के पार

**नई दिल्ली। एजेंसी**



हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 'पैक्स सिलिका' में भारत की भागीदारी की खबरों से शेयर बाजार में तेजी लौटी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचें (बीएसई) का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 316.57 अंक यानी 0.38 फीसदी उछलकर 82,814.71 के स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 633.94 अंक बढ़कर 83,132.08 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स 317 अंक की बढ़त के साथ, जबकि निफ्टी 25,550 के पार बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सेंचज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला निफ्टी 116.90 अंक यानी 0.46 फीसदी बढ़कर 25,571.25 पर बंद हुआ। इसके 36 शेयर बढ़त और 14 शेयर लाल निशान में रहे। कारोबार के दौरान यह 209.2 अंक यानी 0.82 फीसदी बढ़कर 25,663.55 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स के प्रमुख शेयरों में एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावरग्रिड, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बजाज फाइनेंस, टाइटन, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक और इंडिगो प्रमुख लाभ कमाने वाले शेयर रहे। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, इटरनल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अडानी पोर्ट्स को नुकसान हुआ। एशिया के अन्य शेयर बाजारों में मुख्यतः गिरावट रही। हांगकांग का हैंगसेंग 1.10 फीसदी और जापान का निक्की 1.07 फीसदी टूटकर बंद हुआ। हालांकि, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 2.31 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ।

### अमेरिका-ईरान के बीच कच्चे तेल की कीमत 6 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमत छह महीने के रिकॉर्ड उच्च्त स्तर के करीब पहुंच गई है। पिछले दो दिनों में इसमें 6-7 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो जनवरी के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड का भाव करीब 72 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 67 डॉलर प्रति बैरल पर है। पिछले सत्र में दोनों के कीमतों में करीब 1.9 फीसदी की तेजी आई थी, जो आज अपने ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। फिलहाल ब्रेंट क्रूड 21 सेंट की बढ़त के साथ 71.87 डॉलर प्रति बैरल कारोबार कर रहा है। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 66.66 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। पिछले सेशन में ब्रेंट क्रूड 1.9 फीसदी बढ़कर 71.66 डॉलर प्रति बैरल पर पर बंद हुआ था, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 1.9 फीसदी चढ़कर 66.43 डॉलर प्रति बैरल पर था।

### भारत-अमेरिका के अधिकारी व्यापार समझौते को देंगे कानूनी मसौदा का रूप

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारत और अमेरिका के अधिकारी अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए 23 फरवरी से अमेरिका में तीन दिवसीय बैठक करेंगे। इस बैठक में समझौते की रूपरेखा को औपचारिक दस्तावेज में बदला जाएगा। इस महीने की शुरूआत में भारत और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी कर यह घोषणा की थी कि अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा तय कर ली गई है।

संयुक्त बयान में समझौते की मुख्य रूपरेखा तय की गई थी। अब इन बिंदुओं को एक औपचारिक कानूनी समझौते में बदलने के बाद दोनों पक्षों में अगले माह हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारतीय दल का नेतृत्व वाणिज्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव एवं मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन करेंगे। अंतरिम व्यापार समझौते के तहत दोनों पक्ष आपस में व्यापार किए जाने वाले कई वस्तुओं पर शुल्क रियायतें देंगे। अमेरिका ने घोषणा की है कि वह भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को 25 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर देगा। इसके अलावा रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण भारत पर लगाए गए 25 फीसदी दंडात्मक शुल्क को पहले ही समाप्त किया जा चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी चोरी करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की महानगर थाना पुलिस ने शुक्रवार को तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी जोरी करते हैं। पुलिस ने लगभग चार करोड़ 70 रुपये से अधिक का फर्जी लेनदेन का खुलासा और करीब 37 लाख रुपये की कर चोरी उजागर किया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अपराध एवं साइबर अपराध कमलेश दीक्षित ने शुक्रवार को बताया कि उपायुक्त राज्यकर अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी ने 3 नवंबर 2025 को फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी चोरी का मुकदमा दर्ज कराया।

### मजदूर की हत्या करने वाला दूसरा मजदूर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी के हैदरगढ़ थाना क्षेत्र में मजदूर की हत्या करने वाले दूसरे मजदूर को पुलिस ने देर रात गिरफ्तार कर लिया। एडिशनल एसपी दक्षिणी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि हैदरगढ़ थाना क्षेत्र में ग्राम बेहटा में स्थित पारस ईंट भट्टे पर काम करने वाले सूरज पुत्र किशन लाल निवासी किशनगंज बिहार व मंगल पुत्र श्यामलाल निवासी गुरु बख़्सगंज रायबरेली के बीच गुरुवार की देर शाम आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। मंगल द्वारा सूरज पर लकड़ी के डंडे प्रहार कर घायल किया गया था। जिसे इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### चरस का मुख्य सप्लायर भुंतर से गिरफ्तार

**धर्मशाला।** पालमपुर पुलिस द्वारा बीते दिन पकड़े गए 620 ग्राम चरस के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को कुल्लू जिला के भुंतर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय सुन्दर सिंह पुत्र भीमी राम, निवासी गांव पिंगरिंग, डाकघर थेला, तहसील भुन्तर, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। आरोपी की गिरफ्तारी पूर्व में पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के आधार पर हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की है।

### डेढ़ साल से फरार शाही महात्मा गैंग का सप्लायर गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शाही महात्मा गैंग के एक कथित सप्लायर को गिरफ्तार किया है, जो करीब डेढ़ साल से फरार चल रहा था। पुलिस थाना कोटखाई में दर्ज मामले में प्रदीप कुमार उर्फ रांटा (38) निवासी गांव बिजौरी, तहसील रोहडू को 19 फरवरी 2026 को पकड़ा गया। उस पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 27ए, 29 और बीएनएस की धारा 111 के तहत मामला दर्ज है। पुलिस के मुताबिक इस मामले की शुरूआत 19 सितंबर 2024 को हुई थी, जब मुद्दसीर अहमद मोची नाम के आरोपी से 468.380 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुआ था।

### एफआरए के तहत जम्मू-कश्मीर में 41,900 से अधिक वन अधिकार दावे प्राप्त हुए : सरकार



**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा को सूचित किया कि वन अधिकार अधिनियम के तहत जम्मू-कश्मीर भर में कुल 41,944 दावे प्राप्त हुए हैं जिनमें 28,925 व्यक्तिगत वन अधिकार दावे और 13,019 सामुदायिक वन अधिकार दावे शामिल हैं। वन अधिकार अधिनियम (एफआरए), 2006, जिसे अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के रूप में भी जाना जाता है का उद्देश्य वन-निवास अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वन निवासियों के अधिकारों को मान्यता देना है जो कम से कम तीन पीढ़ियों से वन भूमि पर रह रहे हैं। विधानसभा में भाजपा विधायक आरएस पठानिया के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, वन मंत्री जावेद राणा ने अधिनियम के तहत प्राप्त दावों का जिलेवार विवरण प्रदान किया। राणा ने कहा कि राजौरी जिले में 16,442 दावों के साथ सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई जिसमें 9,067 आईएफआर और 6,002 सीएफआर दावे शामिल हैं।

### न्यायालय की सुरक्षा पर हाईलेवल एक्शन, संयुक्त ऑडिट से व्यवस्थाओं की कड़ी समीक्षा

**हल्द्वानी।** वर्तमान सुरक्षा परिप्रेक्ष्य के दृष्टिगत आज हल्द्वानी न्यायालय परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत जोशी, जिला मजिस्ट्रेट ललित मोहन रयाल, एसएसपी नैनीताल डॉ मंजुनाथ टीसी, अपर जिला जज हल्द्वानी सुजीत कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश, एडीएम विवेक राय, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने न्यायालय परिसर की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन सुरक्षा ऑडिट कर समीक्षा की।

### शराब ठेके पर ताबड़तोड़ फायरिंग

**कैथल।** शहर में जाखौली अड्डा स्थित शराब के ठेके पर गुरुवार की रात हमलावरों ने रिकवरी के लिए आए दो युवकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमलावरों ने एक के बाद एक कई राउंड गोलियां चलाईं। इस हमले में एक युवक के हाथ में गोली लग गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावरों की पहचान नहीं हो सकी है।

# संगठन की ताकत बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं से नियमित संवाद करें विधायक : डॉ. मोहन

**भोपाल। एजेंसी**




मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनप्रतिनिधियों से संगठन और सरकार के समन्वय को और मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि विधायकगण अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यकताओं के साथ नियमित संवाद स्थापित करें, विशेष रूप से बूथ स्तर तक सक्रिय संपर्क बनाए रखें, ताकि संगठन की ताकत और जनविश्वास दोनों सुदृढ़ हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार की रात मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकासात्मक कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सड़क, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और रोजगार जैसे क्षेत्रों में जो योजनाएं लागू की गई हैं, उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए और जहां आवश्यकता हो, वहां त्वरित निर्णय लेकर कार्यों को गति दी जाए। उन्होंने कहा कि जनहितैषी योजनाएं ही भाजपा सरकार की पहचान हैं। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित, युवा रोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जमीनी स्तर पर सतत प्रयास आवश्यक हैं। विधायक और पार्टी पदाधिकारी गांव-गांव जाकर जनता से संवाद करें, उनकी समस्याएं सुनें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। विपक्ष को जनप्रतिनिधि तथ्यों और उपलब्धियों के आधार पर मजबूती से जवाब दें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचारधारा आधारित दल है। हमारे दल में प्रशिक्षण सतत प्रक्रिया है।

### विपक्ष के भ्रामक प्रचार का तथ्यात्मक और तार्किक उत्तर देना आवश्यक

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियां और निर्णय पूरी तरह पारदर्शी एवं जनहित में हैं। विपक्ष के भ्रामक प्रचार का तथ्यात्मक और तार्किक उत्तर देना आवश्यक है, ताकि जनता के बीच सही जानकारी पहुंचे। संगठन की मजबूती, विकास कार्यों की गति और जनता के प्रति संवेदनशीलता इन तीनों आधारों पर ही प्रदेश को आगे बढ़ाया जा सकता है। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार दीनदुखियों की सेवा और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता मानकर कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश बजट 2026-27 केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि विकास, निवेश और जनहित के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का सशक्त संकल्प है। सभी जनप्रतिनिधि मिलकर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं और मध्यप्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के संकल्प के साथ कार्य करें।

### खौलती दाल से झुलसी दो वर्षीय मासूम की मौत

**कोरबा।** कोरबा जिले के शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामढ़ी शिव मंदिर गली में आज शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई। आंगन में खेलते समय खौलती दाल उसके ऊपर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई थी। इलाज के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शंकर सारथी अपनी पत्नी आरती सारथी और दो बच्चों के साथ सीतामढ़ी शिव मंदिर गली में निवास करते हैं। शंकर पेशे से बढ़ई हैं। शुक्रवार को वह घर पर ही मौजूद थे, जबकि उनकी पत्नी आंगन में सिगड़ी पर दाल पका रही थीं। बताया जा रहा है कि कुछ देर के लिए आरती कमरे के भीतर चली गईं। इसी दौरान उनकी दो वर्षीय बेटी आराधना खेलते-खेलते सिगड़ी के पास पहुंच गई। खेलते समय वह सिगड़ी पर रखे दाल के बर्तन से टकरा गई, जिससे खौलती दाल उसके शरीर पर गिर गई। मासूम के रोने की आवाज सुनकर माता-पिता तुरंत आंगन में पहुंचे।

### अमेरिकी वैदिक विद्वान डॉ. फ्रॉले ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात,कहा

## राजनीति का शुद्धिकरण कर रहे योगी

**लखनऊ। एजेंसी**



अमेरिका के प्रख्यात वैदिक विद्वान डॉ. डेविड फ्रॉले ने शुक्रवार को राजधानी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से योग, आयुर्वेद व सनातन संस्कृति पर चर्चा की ओर योगी सरकार के अयोध्या का पुरातन गौरव लौटाने की कार्य की सराहना की डॉ. फ्रॉले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ राजनीति का शुद्धिकरण कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री के बहुआयामी व्यक्तित्व के प्रशंसक डॉ. फ्रॉले ने नाथ परंपरा का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे वैश्विक कल्याण की नई राह प्रशस्त हो रही है। अयोध्या का कायाकल्प वेदों की ओर लौटने का मार्ग है। डॉ. फ्रॉले ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ समय बिताना मेरे लिए अत्यंत सम्मान और सौभाग्य की बात रही। गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी उस नाथ परंपरा से जुड़े हुए हैं, जो प्राचीन योग संस्कृति से जुड़ी है और इसे भारत में जीवंत बनाए हुए है। वे इन परंपराओं को न केवल संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक स्तर पर विस्तार भी दे रहे हैं। साथ ही वे शरीर, मन, समाज के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। डॉ फ्राले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ राजनीति का शुद्धिकरण भी कर रहे हैं। भारत की वे सभी परंपराएं, जो संपूर्ण मानवता के लिए प्रासंगिक हैं, योगी आदित्यनाथ के माध्यम से नई ऊर्जा प्राप्त कर रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के बाद प्रफुल्लित डॉ. डेविड फ्रॉले ने 'नई अयोध्या' की प्रशंसा करते हुए कहा कि अयोध्या का कायाकल्प अत्यंत प्रसन्नता की बात है। प्रभु श्रीराम का दर्शन आध्यात्मिक रूप से अत्यंत सुखद अनुभव देता है। भगवान राम भारत की आत्मा के प्रतीक हैं। वे हमें सूर्यवंश से जोड़ते हैं और समस्त धार्मिक परंपराओं को एक सूत्र में पिरोते हैं।

आज विश्व धीरे-धीरे अपनी आध्यात्मिक चेतना खोता जा रहा है। ऐसे में वेद, योग, आयुर्वेद और अन्य भारतीय परंपराओं तक, सबका नवोन्मेष और पुनर्जीवन मौजूदा परिवेश में अत्यंत आवश्यक है। ऐसे समय में योगी जी जैसा नेतृत्व मिलना भारत ही नहीं, पूरे विश्व के लिए वरदान है।

### नगर परिषद में लाखों का टेंडर घोटाला, सीएसआई और फर्म पर केस दर्ज

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद नगर परिषद में भ्रष्टाचार का एक मामला सामने आया है। शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के टेंडर में नियमों की अनदेखी कर फर्म को अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोप में मुख्य सफाई निरीक्षक सतपाल सैनी और मैसर्ज राधा कृष्ण को-ऑपरेटिव लेबर सोसायटी लिमिटेड के खिलाफ सिटी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। गुरूवार को इस बारे में एक्सईएन अंकित लोहान द्वारा शिकायत दी गई थी, जिसके बाद एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार शहरी स्थानीय निकाय विभाग की जांच में सामने आया है कि राधा कृष्ण सोसायटी को शहर में 5 साल के लिए कचरा कलेक्शन का जिम्मा सौंपा गया था। टेंडर की शर्तों के अनुसार, फर्म को घरों के बाहर लगे डिवाइस को स्कैन कर डेटा उपलब्ध कराना था, लेकिन फर्म के पास न तो पर्याप्त संसाधन थे और न ही घरों के बाहर पूरे स्कैनर लगे थे। इसके बावजूद, शुरूआती 60 दिनों के दौरान भारी अनियमितताएं बरतते हुए 17.20 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया।

## पूर्व पीएम ओली के साथ चुनावी गठबंधन करने से आरपीपी का इनकार

**काठमांडू। एजेंसी**



नेपाल में 05 मार्च को होने वाले संसदीय चुनाव के लिए राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंगदेन ने पूर्व प्रधानमंत्री ओली के साथ किसी भी तरह का गठबंधन करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनके साथ गठबंधन बनाकर चुनाव लड़ना राजनैतिक भूल होगी। झापा 3 से प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ रहे आरपीपी के अध्यक्ष लिंगदेन ने कहा कि पिछले तीन चुनाव में झापा 5 निर्वाचन क्षेत्र से केपी ओली अपने अकेले दम पर नहीं, बल्कि आरपीपी के समर्थन से ही चुनाव जीतते आ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब पहली बार संविधान सभा के निर्वाचन में ओली को आरपीपी का समर्थन नहीं था, तो वो पराजित हो गए थे। उसके बाद हुए दूसरे संविधान सभा के निर्वाचन से लेकर 2017 और 2022 के प्रतिनिधि सभा निर्वाचन में आरपीपी के समर्थन से ओली लगातार उस क्षेत्र से चुनाव जीतते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि झापा-५ निर्वाचन क्षेत्र में अब आरपीपी किसी भी तरह का गठबंधन या तालमेल नहीं करेगा और वह अपनी ताकत में जीत हासिल करेंगे। आरपीपी इस बार के चुनाव में ओली के चुनावी गठबंधन के प्रस्ताव को ठुकरा चुकी है। लिंगदेन ने कहा कि चुनाव के कुछ दिन बाद ही ओली की तरफ से गठबंधन का प्रस्ताव आया था, जिसे उन्होंने खारिज कर दिया है। आरपीपी के चुनावी गठबंधन से इंकार के बाद इस बार झापा 5 से ओली की मुश्किलें और अधिक बढ़ गई है।

इस बार देशव्यापी रूप से पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के बजाए वो शुरू से ही अपने क्षेत्र में ही डटे हुए हैं।

### गोल बाजार में कचरा फैलाने वालों पर निगम की सख्ती

**धमतर।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम धमतरी द्वारा लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गोल बाजार परिसर में फल विक्रेताओं द्वारा खुले में कचरा फैलाने की शिकायत मिलने पर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ विक्रेताओं द्वारा सड़े-गले फल, पत्तियां और अन्य अपशिष्ट सामग्री सड़क और नाली के पास फेंकी जा रही थी, जिससे आसपास गंदगी फैल रही थी और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्वच्छता विभाग की संयुक्त टीम ने संबंधित फल विक्रेताओं के खिलाफ 200-200 रुपये की चलानी कार्रवाई की। साथ ही उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और दुकान के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। शहर के नागरिक गोलू ठाकुर, पंकज साहू और तिलक साहू ने कहा कि शहर के अलग-अलग स्थानों पर सब्जी और फल विक्रय किया जाता है।

### लोकभवन में 27 से मनेगा तीन दिवसीय वसंतोत्सव

## प्रकृति व रोजगार संवर्धन का पर्व : गुरमीत सिंह

**देहरादून। एजेंसी**



उत्तराखंड लोकभवन में तीन दिवसीय वसंतोत्सव का आयोजन 27 फरवरी से 1 मार्च तक किया जाएगा। इसे लेकर शुक्रवार को लोकभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) की उपस्थिति में कर्टेन रेजर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर राज्यपाल सिंह ने कहा कि वसंतोत्सव केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति, परंपरा और प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष अवसर है। यह स्वस्थ और सामाजिक जीवन, समरसता, आर्थिक उन्नति तथा नवजीवन का उद्घोष है। उन्होंने कहा कि यह उत्सव जीवन भावना और नई संभावनाओं के द्वार खोलता है तथा पर्वतीय एवं सीमांत क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसरों को गति देने का माध्यम बनेगा। इससे स्थानीय उत्पादों और रोजगार को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि पुष्प प्रदर्शनी कार्यक्रम में नवाचार का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फूल श्रद्धा, जीवन और प्रकृति का संदेश देते हैं और आंतरिक भावनाओं को जागृत करते हैं। वसंतोत्सव के माध्यम से प्रकृति संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जनजागरूकता भी बढ़ेगी। इस दौरान 30 से अधिक विभाग शामिल हो रहे हैं। स्थानीय और उत्तराखंड की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## वैश्विक तनाव से दूर मेधा का परिचय दे रहे युवा ही सशक्त भारत की नींव: रविन्द्र

**हरिद्वार। एजेंसी**



शतरंज की बिसात पर एसएमजेएन कॉलेज का दबदबा एसएमजेएन पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर राज्य स्तरीय फलक पर अपनी प्रतिभा की अमिट छाप छोड़ी है। हाल ही में आयोजित अंतर्महाविद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता में कॉलेज के खिलाड़ियों ने अपनी सटीक शतरंजी चालों से प्रतिद्वंद्वी कॉलेजों को पछाड़ते हुए शतरंज मेधा के क्षेत्र में कॉलेज के वर्चस्व को पुनः सिद्ध कर दिया है। प्रतियोगिता के दौरान बी कॉम 6 सेमेस्टर के छात्र कृष्णा चावला ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सिटी चैंपियन का खिताब अपने नाम किया और कॉलेज के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया जबकि ग्रुप मैच में महाविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में कृष्णा चावला, हर्षित शर्मा, अनमोल रावत, सुफियान खान तथा आर्यन बक्शी ने संयुक्त रूप से शानदार खेल दिखाया। साथ ही बी. कॉम. 4जी सेमेस्टर की समता शर्मा ने भी अपने मेधावी खेल के दम पर तृतीय पुरस्कार पर कब्जा जमाया। कॉलेज की इस गोल्डन सफलता के आधार पर महाविद्यालय के कृष्णा चावला, अनमोल रावत तथा समता शर्मा का चयन नॉर्थ जोन, इंटर-यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए हुआ है जिसमे महाविद्यालय के ये तीन प्रतिभावान खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर कॉलेज और उत्तराखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, माँ मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट तथा कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्रीमहन्त डॉ रविन्द्र पुरी महाराज ने विजेता खिलाड़ियों तथा कोच को सम्मानित किया और अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को बधाई देते हुए श्रीमहन्त डॉ रविन्द्र पुरी महाराज ने कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व में तनाव तथा अस्थिरता का दौर चल रहा हैं और ऐसे समय पर हमारे देश प्रदेश का युवा मेधा के खेल शतरंज में अपनी प्रतिभा, संकल्प, लग्न का परिचय दे रहा हैं। कहा कि यह प्रतिभावान और संकल्पित युवा ही सशक्त भारत की नींव हैं।

**कार्यक्रम** साइंस कॉलेज मैदान में ऐतिहासिक महानाट्य 'जाणता राजा' का मंचन किया गया

# छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन साहस, धैर्य और आदर्श नेतृत्व का प्रेरणास्रोत : विष्णुदेव

- सभी धर्मों के लोगों की आस्था का सम्मान किया
- महिलाओं के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी

**रायपुर। एजेंसी**



राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में गुरुवार रात ऐतिहासिक महानाट्य 'जाणता राजा' का मंचन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन साहस, धैर्य, रणनीति और आदर्श नेतृत्व का प्रेरक उदाहरण है, इसलिए हम सभी को अपने जीवन में शिवाजी जैसा लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। शिवाजी महाराज ने विपरीत परिस्थितियों में भी अद्भुत साहस और बुद्धिमत्ता का परिचय दिया।

अफजल खां के साथ हुई घटना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शिवाजी ने संकट को भांपकर धैर्य और रणनीति से निर्णय लिया और विजय प्राप्त की। इसी प्रकार शाइस्ता खान के विरुद्ध उनकी युक्तिपूर्ण रणनीति यह सिखाती है कि बड़े से बड़े शत्रु को भी सूझबूझ और साहस से पराजित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शिवाजी महाराज केवल महान योद्धा ही नहीं, बल्कि उच्च आदर्शों वाले शासक भी थे। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों की आस्था का सम्मान किया और महिलाओं के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। माता जीजाबाई के संस्कारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज का चरित्र हमें मयार्दा, नैतिकता और सम्मानजनक आचरण का संदेश देता है। सीएम ने अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए महाकवि भूषण की पंक्तियों का उल्लेख किया, जिनमें शिवाजी महाराज के पराक्रम और वीरता का अद्भुत वर्णन मिलता है। उन्होंने कहा कि शिवाजी का जीवन केवल इतिहास नहीं, बल्कि प्रेरणा का स्त्रोत है, जो हमें कठिन परिस्थितियों में भी लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने की प्रेरणा देता है।

राजधानी रायपुर में प्रारंभ हुआ ऐतिहासिक महानाट्य ह्यजाणता राजाह्न का यह विशेष मंचन 22 फरवरी तक प्रतिदिन शाम को साइंस कॉलेज मैदान में प्रस्तुत किया जाएगा। लगभग तीन घंटे की यह भव्य प्रस्तुति छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की गाथा पर आधारित है, जिसमें सजीव दृश्य, विशाल मंच सज्जा और तकनीकी उत्कृष्टता के माध्यम से दर्शकों को ऐतिहासिक काल का जीवंत अनुभव कराया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के तत्वाधान में आयोजित इस महानाट्य के लिए महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में ऑडिशन आयोजित किए गए थे, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 40 स्थानीय कलाकारों का चयन किया गया। चयनित कलाकारों ने निर्देशक योगेश शिरोले के मार्गदर्शन में गहन अभ्यास किया। स्थानीय कलाकारों में प्रांजल बक्षी, वर्तिका क्षीरसागर, कृति लाड, आकांक्षा और आस्था काले सहित अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, महानाट्य ह्यजाणता राजाह्न के अजीत राव आप्टे सहित महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## अवामी लीग पर प्रतिबंध को लेकर शेख हसीना के बेटे ने उठाए सवाल

**वॉशिंगटन। एजेंसी**

बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पुत्र सजीब वाजेद ने अवामी लीग पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर अंतरिम सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश की वैधता पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि नई बीएनपी-नेतृत्व वाली सरकार के सामने 30 दिनों की संवैधानिक समय-सीमा है, जिसके भीतर उसे इस अध्यादेश पर फैसला करना होगा। वाजेद ने एक बयान में कहा कि अंतरिम सरकार ने एंटी टेररिज्म एक्ट 2009 में संशोधन करने के लिए एक नया अध्यादेश जारी किया, जिससे उसे किसी राजनीतिक दल की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार मिल गया। इसी आधार पर एस.आर.ओ. 137 एआईएन/2025 जारी कर अवामी लीग पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बांग्लादेश के संविधान के अनुच्छेद 93(2) का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी अध्यादेश को नई सरकार के गठन के बाद संसद के पहले सत्र में पेश करना अनिवार्य है। यदि 30 दिनों के भीतर संसद उस अध्यादेश को कानून के रूप में पारित नहीं करती, तो वह स्वतः निरस्त हो जाएगा। वाजेद के अनुसार, बीएनपी-नेतृत्व वाली सरकार के पास दो विकल्प हैं—या तो वह अध्यादेश को समाप्त होने दे, या फिर उसे विधायी मंजूरी देकर स्थायी कानून में शामिल कर दे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य बाजार में बड़े वाहनों पर कार्रवाई, यातायात नियम तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा




**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी।** पुलिस अधीक्षक विकास सागवान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. कमल कुमार जांगिड़ तथा डीएसपी महेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में बाड़ी मुख्य बाजार क्षेत्र में विशेष यातायात अभियान चलाया गया। अभियान के तहत प्रभारी यातायात गोविंद सिंह चौधरी ने मय जाप्ता टीम के साथ मुख्य बाजार में प्रवेश करने वाले बड़े एवं भारी वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। बाजार क्षेत्र में निर्धारित समय के अतिरिक्त प्रवेश करने तथा यातायात व्यवस्था बाधित करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के अंतर्गत एक दर्जन से अधिक चालान किए गए। इस कार्रवाई में पुलिस टीम के सदस्य बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह, बलवीर सिंह, राजेश कुमार, माखन सिंह, कैलाश चंद एवं ओम सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।यातायात प्रभारी ने बताया कि मुख्य बाजार में अनियंत्रित बड़े वाहनों के प्रवेश से आमजन को असुविधा एवं दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान चलाया गया है। भविष्य में भी नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय और मार्ग का पालन करें तथा यातायात नियमों का सम्मान कर शहर की व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

### रॉयल वीरा केंद्र द्वारा धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** महावीर इंटरनेशनल रॉयल वीरा ग्रुप द्वारा आज निंबेश्वर महादेव मंदिर पिपलिया बाजार में 3 पीतल के गुम्मद विधि विधान, मंत्रोच्चार से मंदिर पर चढ़ाये गये पिपलिया बाजार स्थित निंबेश्वर महादेव मंदिर में वीर वीरा की उपस्थिति में एवं अनेक भक्तों की उपस्थिति में ये कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पूजा आरती के पश्चात सभी को प्रसाद वितरण हुआ! इस कार्यक्रम के लाभार्थी वीर पंकज जी सकलेचा वीरा दीपशिखा सकलेचा परिवार रहे। आज के कार्यक्रम में रॉयल अध्यक्ष अशोक पाड़लेचा अध्यक्ष डॉ तारेश जैन, पूर्व विधायक माणकजी डाणी, दिलीप भंडारी, अमित मेहता, पुष्पेंद्र चौधरी,रवि बोहरा, वीरा कोमल मेहता एवम स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

### बागोड़ा के भारतमाला हाईवे पर भीषण हादसा



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** पीछे से आई कार की टक्कर में दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत। भारतमाला मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार रूपा ढाणी भालनी निवासी भील समाज के दो सगे भाइयों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पीछे से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मारी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक गुजरात के रामदेवरा से लौट रहा था, जबकि दोनों भाई बागोड़ा से अपने गांव भालनी जा रहे थे। सूचना पर बागोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को मोर्चरी में रखवाया, मामले की जांच जारी है।

### जल महल पर भारतीय वायु सेना का भव्य एरोबैटिक डिस्प्ले आयोजित

# सूर्य किरण और सारंग ने हैरतअंगेज करतबों से जयपुरवासियों को किया रोमांचित

- **22 फरवरी को होगा मुख्य एरोबैटिक शो, तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप**

**कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने की कार्यक्रम में शिरकत**

चमकता राजस्थान





**जयपुर।** जयपुर में शुक्रवार को जल महल पर भारतीय वायु सेना के शौर्य, साहस और शौर्य का अद्भुत प्रदर्शन हुआ। भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित ब्रांड एंबेसडर सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने अपने हैरतअंगेज करतबों से हजारों दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सेना के वरिष्ठ अधिकारी, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

जल महल की पाल से खुले आसमान में सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने अपने पांच रंग-बिरंगे हेलिकॉप्टरों के साथ सटीकता और सामूहिक समन्वय का अद्भुत प्रदर्शन किया। आसमान में सधे हुए अंदाज़ में उड़ते हेलिकॉप्टरों ने जटिल संरचनाएँ बनाईं और हैरतअंगेज एरियल मूवमेंट्स प्रस्तुत कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। हेलिकॉप्टरों की सटीक दूरी, संतुलन और तालमेल भारतीय वायु सेना के अनुशासन एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का जीवंत उदाहरण रहा, जिसकी दर्शकों ने जमकर सराहना की।

इसके पश्चात जब लाल-सफेद रंग के आकर्षक Hawk Mk-132 जेट विमानों ने उड़ान भरी तो वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सूर्य किरण एरोबैटिक टीम ने लूप, बैरल रोल, उलटी उड़ान, फॉर्मेशन फ्लाइंग तथा लोकप्रिय 'डीएनए' संरचना जैसे जटिल और रोमांचक करतबों का प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। आकाश में लहराते तिरंगे रंगों ने दर्शकों के मन में गर्व और देशभक्ति का भाव भर दिया।

सूर्य किरण एरोबैटिक टीम के तीन प्रतिभाशाली पायलट विंग कमांडर राजेश काजला, विंग कमांडर अंकित वशिष्ठ और स्क्वाड्रन लीडर संजेश सिंह जयपुर के ही निवासी हैं। अपने गृह नगर में साहस, हुनर और कौशल का प्रदर्शन करना उनके लिए विशेष गौरव का क्षण रहा। दर्शकों ने जांबाज पायलटों के सम्मान में खड़े होकर तालियों से उनका अभिनंदन किया।

यह आयोजन विशेष रूप से युवाओं और एनसीसी कैडेट्स के लिए प्रेरणास्रोत बना। कार्यक्रम ने उनमें देशभक्ति, साहस और सैन्य सेवा के प्रति उत्साह का संचार किया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने इसे जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया। रविवार, 22 फरवरी को जल महल पर एरोबैटिक डिस्प्ले का मुख्य एवं विस्तृत आयोजन किया जाएगा, जिसमें और भी भव्य हवाई करतब देखने को मिलेंगे।

## कोट मुख्य पाइपलाइन पर ऑफसाइट मॉक ड्रिल, आपदा प्रबंधन तैयारियों की परखी क्षमता

चमकता राजस्थान



**जुगलकिशोर बावल/जीवन्द कलां।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पश्चिमी क्षेत्र पाइपलाइन्स, कोट की मुख्य पाइपलाइन पर ऑफसाइट मॉक फायर ड्रिल का आयोजन किया गया। इस संयुक्त अभ्यास में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आउवा), गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (नासीराबाद) तथा जीएसपीएल इंडिया गैसनेट लिमिटेड (कंटालिया) के साथ स्थानीय प्रशासन, फायर ब्रिगेड, पुलिस एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं ने भाग लिया।

इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य पाइपलाइन सुरक्षा से जुड़ी किसी भी आपात स्थिति में विभिन्न एजेंसियों के बीच त्वरित समन्वय स्थापित करना और आपदा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत बनाना था। संबंधित पाइपलाइन देश के विभिन्न क्षेत्रों तक पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति करती है, ऐसे में रिसाव या आगजनी की स्थिति गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकती है।

अभ्यास के दौरान अधिकारियों ने आधुनिक सुरक्षा उपकरणों का प्रदर्शन किया और बताया कि आग लगने या गैस रिसाव की स्थिति में किस प्रकार त्वरित कार्रवाई कर हालात पर काबू पाया जा सकता है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्यों का वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप अभ्यास किया गया।

अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में घटना स्थल से दूरी बनाए रखें, सुरक्षित स्थान पर जाएं और अफवाहों से बचें। पाइपलाइन क्षेत्र (आर.ओ.डब्ल्यू.) में किसी भी प्रकार की खुदाई या अवैध गतिविधि को दंडनीय अपराध बताते हुए चेतावनी दी गई कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है।

पाइपलाइन सुरक्षा से संबंधित सूचना के लिए टोल-फ्री नंबर 1800-180-6545 जारी किया गया है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा तथा उपयुक्त पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।

## जालोर आहोर बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** लोगों ने क्रेन की मदद से किया सीधा, ड्राइवर उछलकर दूर गिरने से सुरक्षित बचा। जालोर के आहोर थाना क्षेत्र में बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गई। उछलकर दूर गिरने से ड्राइवर सुरक्षित बच गया। घटना के बाद लोगों ने मिलकर ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रेन की मदद से सीधा किया। हादसा गुड़ा इन्द्रापुरा से रोड़ला के बीच हुआ। पुलिस के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली में गुड़ा इन्द्रापुरा से बजरी भरकर रोडला की ओर ले जाई जा रही थी। रास्ते में तेज रफ्तार के कारण ड्राइवर संतुलन खो बैठा और ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। ड्राइवर दूर जा गिरा, जिससे उसे चोट नहीं लगी। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। लोगों ने मिलकर ट्रैक्टर को सीधा किया, जबकि ट्रॉली को क्रेन की सहायता से खड़ा कराया गया। मामले को लेकर थाने में किसी प्रकार की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई।

### पुण्यतिथि पर सेवा कार्य कर जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया



**चमकता राजस्थान/मनीष मेहता/जोधपुर।** समाजसेवी स्वर्गीय विमल स्वरूप गर्ग की पांचवी पुण्य तिथि पर हुए सेवा कार्य उसेकरने बताया मेरे पति स्वर्गीय विमल स्वरूप गर्ग सेवा कार्य में मेरे पति स्वर्गीय विमल स्वरूप गर्ग समाजसेवी पीड़ित मानव की सेवा में शुरू से लगे तक लगे थे आज पुण्यतिथि के अवसर पर सर्वप्रथम गणेश जी के पूजा के बाद श्री महाराजा अग्रसेन महाराज की मूर्ति पर सी ए संजय भंडारी जी अतिथि द्वारा माल्यार्पण करके उनकी पूजा अर्चना की गई और भोग की थाली का भोग लगायाऔर पीड़ित मानव की सेवा करते थे शिक्षा के क्षेत्र में जो बच्चे तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने वाली कुछ बालिकाओं को आर्थिक मदद भी करवाई गई गायों को चारा और गुड़ खिलाया गया और कमला नेहरू नगर स्थित टीबी अस्पताल में अग्रवाल समाज द्वारा एक निशुल्क भोजनशाला चलती है वहां पर मरीजो के परिजनों को एक समय का भोजन करवाया गया इस भोजन शाला की देख रेख समाजसेवी सुरेश गोयल अध्यक्ष सचिव अरुण अग्रवाल कोषाध्यक्ष निलेश अग्रवाल देखते हैं मैनेजर गिरधर मीणा जी का सेवाकार्य भी सराहनीय है उषा गर्ग ने बताया कि कुलदीप सारस्वत जी मनीष मेहता हरिप्रकाश भी उपस्थित थे आज सैकड़ों परिजनों द्वारा निशुल्क भोजन प्रसादी ली गई और सभी को एक स्मृति स्वरूप दिया गया स्वर्गीय विमल स्वरूप गर्ग को श्रद्धांजलि सबने दी टीवी अस्पताल की सीनियर सिस्टर ममता त्यागी द्वारा भी सभी को भोजन प्रसादी वितरण करने में सहायता प्रदान की गई और गर्ग द्वारा जो जो अधूरे सेवा कार्य रह गए है जीवन पर्यंत किए जाएंगे।

### नवजीवन रक्तकोष की तत्परता से 7 माह के मासूम को मिला जीवनदान

- **जोधपुर एम्स में भर्ती बच्चे के लिए एक्टिव सदस्य दोलाराम सैन ने किया रक्तदान**

**चमकता राजस्थान/चिमु धतरवाल/बायतु।** जोधपुर एम्स में भर्ती सात माह के एक मासूम बच्चे के लिए समय पर रक्त की व्यवस्था कर नवजीवन रक्तकोष ने मानवता और सेवा भावना की मिसाल पेश की। संस्था की तत्परता और सक्रिय सदस्यों की संवेदनशीलता से बच्चे की जान बच सकी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए उसके पिता हनुमान राम ने रक्त की आवश्यकता को लेकर शौकत सोलंकी से संपर्क किया। सूचना मिलते ही शौकत सोलंकी ने बिना समय गंवाए नवजीवन रक्तकोष के सक्रिय सदस्य दोलाराम सैन से संपर्क साधा।

मानवीय कर्तव्य का परिचय देते हुए दोलाराम सैन ने तत्काल जोधपुर एम्स पहुँचकर रक्तदान किया, जिससे समय पर उपचार संभव हो सका और मासूम की स्थिति में सुधार आया। रक्त उपलब्ध होते ही परिजनों ने राहत की सांस ली और नवजीवन रक्तकोष तथा रक्तदाता दोलाराम सैन के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना ही नवजीवन रक्तकोष का मुख्य उद्देश्य है और यह सेवा भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी। नवजीवन रक्तकोष की यह तत्परता न केवल एक परिवार के लिए जीवन की उम्मीद बनी, बल्कि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता और सेवा भावना को भी मजबूत संदेश देती है।

## मेड़ता रोड में रेलवे फाटक सी-99 ए एक घंटे बंद रहने से वाहन चालक परेशान

चमकता राजस्थान



**मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** शहर के बाइपास रेलवे स्टेशन के समीप स्थित रेलवे फाटक संख्या सी-99 ए शुक्रवार को करीब एक घंटे तक बंद रहने से यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। अचानक लंबे समय तक फाटक बंद रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज धूप और उमस के बीच लोग अपने वाहनों में बैठे फाटक खुलने का इंतजार करते रहे, जिसके कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फाटक बंद रहने का कारण लोको पायलट और गार्ड के बक्से बदलने की प्रक्रिया रही। बताया जा रहा है कि ट्रेन के ठहराव के दौरान यह तकनीकी प्रक्रिया पूरी की गई, लेकिन इस दौरान रेलवे फाटक को लंबे समय तक बंद रखा गया। परिणामस्वरूप, सैकड़ों दोपहिया और चारपहिया वाहन दोनों ओर फंस गए। कुछ वाहन चालक वैकल्पिक रास्तों की तलाश में कच्चे मार्गों से निकलते दिखाई दिए, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रही।

- **स्कूल बसें और मरीज भी फंसे**

फाटक बंद रहने से सबसे अधिक परेशानी स्कूल से आने वाले बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और मरीजों को हुई। कुछ स्कूल बसें भी जाम में फंस गईं, जिससे बच्चे समय पर घर नहीं पहुंच सके। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि एक-दो निजी वाहन मरीजों को अस्पताल ले जाने के लिए भी जाम में फंसे रहे। हालांकि कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई, लेकिन स्थिति चिंताजनक बनी रही।

- **ग्रामीणों में रोष, उठी वैकल्पिक व्यवस्था की मांग**

स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों ने रेलवे प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। उनका कहना है कि लोको पायलट व गार्ड के बक्से बदलने का कार्य रेलवे फाटक पर करने के बजाय स्टेशन परिसर के भीतर या किसी अन्य निर्धारित स्थान पर किया जाना चाहिए। फाटक लंबे समय तक बंद रखने से आमजन को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है।

ग्रामीणों ने कहा कि यह मार्ग शहर और आसपास के गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। ऐसे में यदि फाटक एक घंटे तक बंद रहता है, तो दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा बनी तो वे रेलवे प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929